www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-44 • पृष्ठ-8 • मूल्य-01 रूपये • रविवार 19 अक्टूबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज़ ब्रीफ

### मोजाम्बिक में बड़ा हादसा, नाव पलटी 3 भारतीय मरे

**नई दिल्ली**| हिंद महासागर में भारतीय नागरिकों को ले जा रही नाव अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इस हादसे में 3 भारतीयों की जान चली गई और 5 लोग अभी तक लापता है। उनकी तलाश की जा रही है। यह हादसा शुक्रवार को मोजाम्बिक में बीरा पोर्ट के पास हुआ। मोजाम्बिक में भारतीय दूतावास के अनुसार, इस नाव में एक टैंकर के क्रू मेंबर्स सवार थे। उन्हें रोज की तरह ऑपरेशन ट्रांसफर के लिए टैंकर पर ले जाया जा रहा था। तभी यह नाव अचानक पलट गई, जिससे हादसा हो गया। इस नाव में कुल 14 भारतीय नागरिक मौजूद थे। नाव पलटने की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। भारतीय दूतावास ने इस हादसे की जानकारी देते हुए कहा-दुर्भाग्यवश इस हादसे में कुछ भारतीयों की मौत हो गई और कुछ अभी तक लापता हैं।

### केन्या के पूर्व पीएम की अंत्येष्टि में भगदड़

**नैरोबी**| केन्या के पूर्व प्रधानमंत्री रैला ओडिंगा के राजकीय अंत्येष्टि समारोह के दौरान शुक्रवार को एक फुटबाल स्टेडियम में भगदड़ मचने से 18 लोग घायल हो गए। ओडिंगा का इस सप्ताह भारत में 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। इससे पहले गुरुवार को एक सार्वजनिक दर्शन समारोह के दौरान भगदड़ मच गई थी, जिसमें पुलिस फायरिंग से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हुए थे। राजधानी नैरोबी के स्टेडियम में जब राजकीय अंत्येष्टि समारोह शुरू हुआ तो भीड़ में से कुछ लोग ओडिंगा के पार्थिव शरीर को देखने के लिए आगे बढ़ गए, जिससे वहां भगदड़ मच गई। घायल 18 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्टेडियम में हजारों लोग मौजूद थे, जहां एंग्लिकन चर्च की प्रार्थना सभा के लिए ओडिंगा के ताबूत को राष्ट्रीय ध्वज से ढंका गया था।

### जालंधर: घर के बाहर खड़ी कार को आग लगाई

**जालंधर**|जालंधर कैंट के गांव संसारपुर में एक अज्ञात व्यक्ति ने घर के बाहर खड़ी कार को आग लगा दी। यह घटना शुक्रवार तड़के 3 बजे की है और पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कार मालिक अमन लूथर ने बताया कि शोर सुनकर जब वे बाहर निकले तो उनकी कार जल रही थी। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि चेहरा ढके हुए व्यक्ति ने कार पर तेल डालकर आग लगाई और फरार हो गया। थाना कैंट पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई गुरदीप चंद ने बताया कि आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिर्पोटर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 8146877702 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# डिजिटल अरेस्ट ठगी में बेंगलुरु कॉल सेंटर की हिमाकत, अमेरिका-कनाडा भी नहीं बख्शा

**खुली पोल** — साइबर फ्रॉड में इस टीम का फर्जीवाड़ा अमेरिका-कनाडा तक था निशाना

- *ठग खुद एफबीआई अधिकारी बताते, पहले से तैयार स्क्रिप्ट पढ़ते।*
- *सेंटर के असली मालिक, विदेशी नेटवर्क के संचालक अब तक फरार।*
- *आरोपी ग्रेजुएट भी नहीं, उन्हें केवल कॉल स्क्रिप्ट पढ़ना सिखाया।*

**समर न्यूज़/पटियाला | लुधियाना**

कमाल की खबर है ये। इस बार भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की है, लेकिन इस उपलब्धि पर हमें बिलकुल भी इतराना नहीं चाहिए। क्योंकि ये उपलब्धि अब अपराध के क्षेत्र में दर्ज हुई है और इसका दायरा भी इंटरनेशनल रहा है। इंटरनेशनल लेवल पर सक्रिय एक नए साइबर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है, जिसे हम आजकल की भाषा में डिजिटल अरेस्ट कहते हैं। इसे लेकर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अक्सर कई शख्सियतों से विज्ञापन के जरिए संदेश देता है कि जानकार बनिए सर्तक रहें। लेकिन कमाल तो ये हो गया इस बार भारत के ठग अपने देशवासियों को छोड़कर सीधे अमेरिका और कनाडा के नागरिकों को भी निशाना बना रहे थे। इस खुलासा तब हुआ जब बेंगलुरु पुलिस ने इस गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फर्जी कॉल सेंटर से 16 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है। जो डिजीटल एरेस्ट टीम के लिए काम करते थे। यह कॉल सेंटर बेंगलुरु के एक पॉश इलाके में पुलिस थाने से महज़ 200 मीटर की दूरी पर एक साल से अधिक समय से संचालित हो रहा था। पुलिस का कहना है कि आरोपी विदेशी एजेंसियों का अधिकारी बनकर लोगों को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देते थे। वे पीड़ितों को बताते कि उनके नाम से भेजा गया पार्सल नशीले पदार्थ या अवैध वस्तुओं के साथ पकड़ा गया है और गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूलते थे। पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह के अनुसार, "यह गिरोह संभवतः विदेशों में सक्रिय बड़े नेटवर्क से जुड़ा है।

भारत में बैठे आरोपी संभावित पीड़ितों की पहचान करते थे और फिर अमेरिका या कनाडा में बैठे उनके साथी उन्हें फंसाकर ठगते थे।" गिरफ्तार लोगों में महाराष्ट्र, मेघालय, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और गुजरात के युवक शामिल हैं। ये सभी 'सायबिट्स सॉल्यूशंस' नामक कंपनी के तहत काम कर रहे थे। इन्हें बीपीओ जॉब के नाम पर भर्ती किया गया था और कार्यालय में ही ट्रेनिंग देकर इंटरनेट कॉल्स के ज़रिए विदेशी नागरिकों से संपर्क करने का काम सौंपा गया था। इन कर्मचारियों को प्रतिमाह करीब 22 हजार रुपये वेतन, खाना और रहने की सुविधा दी जाती थी। कुछ को नकद कमीशन भी मिलता था। पुलिस के अनुसार, वे रात की शिफ्ट में काम करते थे और उनके लिए आवागमन सख्ती से नियंत्रित था। कार्यालय के बाहर कोई बोर्ड नहीं था, ताकि शक न हो।



बेंगलुरु पुलिस की कार्रवाई के दौरान बरामद सामग्री।

### ▪ ठगी का तरीका...

पुलिस जांच में सामने आया कि ठग खुद को "यूएस कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन" या "एफबीआई" के अधिकारी बताते थे। वे पहले से तैयार स्क्रिप्ट पढ़ते और पीड़ितों से कहते-"हम यूनाइटेड स्टेट्स कस्टम विभाग से बोल रहे हैं, आपके नाम पर एक पार्सल पकड़ा गया है।" इसके बाद वे नकली गिरफ्तारी वारंट और अमेरिकी अदालत के फर्जी दस्तावेज़ दिखाते थे, जिन पर केस नंबर, तारीख और काल्पनिक अधिकारियों के हस्ताक्षर होते थे। इन दस्तावेज़ों में 'मादक पदार्थों की तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग और धोखाधड़ी' जैसे अपराधों के आरोप लिखे होते थे। कुछ मामलों में पीड़ितों को "सुप्रीम कोर्ट के दस्तावेज़" तक भेजे गए ताकि वे डर जाएं और तुरंत पैसे ट्रांसफर कर दें। पुलिस को कॉल सेंटर से 41 कंप्यूटर सिस्टम, 40 सीपीयू, 25 मोबाइल फोन, राउटर, स्विच और कई नकली दस्तावेज़ बरामद हुए हैं। इमारत के मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की गई है, क्योंकि उन्होंने यह जांच नहीं की कि उनके परिसर का इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जा रहा था।

### ▪ ऐसी होती थी स्क्रिप्ट : सोचना बंद करो, काम शुरू करो

अधिकांश आरोपी ग्रेजुएट भी नहीं थे, उन्हें केवल कॉल स्क्रिप्ट पढ़ना सिखाया गया था। आफिस में कई देशों का टाइम टेबल दिखाने वाली घड़ियां लगी थीं और दीवार पर एक पोस्टर टंगा था — "सोचना बंद करो, काम शुरू करो।" 'यूनाइटेड स्टेट्स कस्टम और बॉर्डर प्रोटेक्शन विभाग से बात कर रहे हैं. मैं अधिकारी (एक काल्पनिक नाम) बोल रहा हूं. क्या मैं जान सकता हूं कि मैं किससे बात कर रहा हूं?' पुलिस ने उन नकली दस्तावेज़ों की तस्वीरें भी ली हैं, जिन्हें ये कर्मचारी पीड़ितों को दिखाते थे।

***एक दस्तावेज़ पर लिखा था: 'यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, काउंटी हाउस, (काउंटी और स्टेट का नाम)...*** *दस्तावेज़ पर केस फ़ाइल नंबर और वारंट नंबर ऊपर लिखा होता था. नीचे 'गिरफ़्तारी वारंट' लिखा होता था. यह वारंट 'डिटेंशन डिप्टी' नाम के काल्पनिक अधिकारी को संबोधित था। दस्तावेज़ में लिखा होता था: 'आपको आदेश दिया जाता है कि (फर्ज़ी नाम वाला व्यक्ति) को बिना किसी देरी के यूनाइटेड स्टेट्स मजिस्ट्रेट न्यायाधीश के सामने पेश करें. इस पर कोर्ट में दाखिल दस्तावेज़ के आधार पर अपराध का आरोप है।' पुलिस को शक है कि इसी तरह के कई और कॉल सेंटर देश के अन्य हिस्सों में भी सक्रिय हैं। जांच जारी है, जबकि कॉल सेंटर के असली मालिक और विदेशी नेटवर्क के संचालक अब तक फरार हैं।*

**• सिंगर साहनी धमकी-फिरौती केस**

## हाईकोर्ट का सरकार को नोटिस, कहा- सुरक्षा प्रदान करें; अगली सुनवाई पर स्टेटस रिपोर्ट तलब

**समर न्यूज़ | मोहाली**

पंजाबी सिंगर और डायरेक्टर नीरज साहनी उर्फ आरडीएक्स को आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा की ओर से जान से मारने की धमकी देने और एक करोड़ फिरौती के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने मोहाली पुलिस के एसएसपी को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता को कानून के अनुसार सुरक्षा प्रदान की जाए। यदि एसएसपी को लगता है कि सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है, तो इस संबंध में स्पष्ट कारणों सहित (स्पीकिंग ऑर्डर) आदेश पारित कर याचिकाकर्ता को सूचित किया जाए। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है। इस केस की अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी।

**▪ नीरज साहनी बोले- पुलिस ने पहले एफआईआर नहीं लिखी:** सुनवाई के दौरान नीरज साहनी ने कोर्ट को बताया कि उन्हें जान का खतरा है। पहले पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था, लेकिन जब यह मामला मीडिया में आया और उन्होंने कोर्ट की शरण ली, तब एफआईआर दर्ज की गई। इसके बावजूद खतरा अब भी बना हुआ है।

इस पर कोर्ट ने मोहाली एसएसपी को निर्देश दिए कि वे याचिकाकर्ता द्वारा महसूस किए गए खतरे का मूल्यांकन करें। यदि खतरे की आशंका सही पाई जाती है, तो कानून के अनुसार सुरक्षा दी जाए। अन्यथा, एसएसपी को स्पष्ट कारणों सहित आदेश पारित कर याचिकाकर्ता को सूचित करने के लिए कहा गया है।

**▪ वीडियो कॉल पर मांगे थे पैसे:** सिंगर के अनुसार, वे मोहाली के सेक्टर-88 में रहते हैं और उनकी कंपनी सेक्टर-75 में स्थित है। 6 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजकर 20 मिनट पर उन्हें एक वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा बताया और कहा कि उन्हें 1 करोड़ 20 लाख रुपए का इंतजाम करना होगा। यदि पैसे नहीं दिए गए तो वह नीरज और उनके परिवार को जान से मार देगा।

# गुरदासपुर सबसे ठंडा, बठिंडा सबसे गर्म व उत्तर-पश्चिमी हवाओं से पंजाब में रातें ठंडी

▪ रूपनगर में एक्यूआई 500 पार, प्रदूषण चिंता का विषय



बठिंडा में दिवाली से पहले ही आसमान में दिखने लगा धुएं का गुब्बार।

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब में मौसम अब धीरे-धीरे सर्दी की ओर बढ़ रहा है। उत्तर-पश्चिम दिशा से चल रही ठंडी हवाओं के असर से राज्य में रातें ठंडी होने लगी हैं। वहीं, कुछ इलाकों में वायु गुणवत्ता तेजी से बिगड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में मामूली 0.5 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि न्यूनतम तापमान में 0.7 डिग्री की गिरावट आई है। *राज्य के कई शहरों में वायु प्रदूषण का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। रूपनगर का एक्यूआई 500 तक पहुंच गया, जो "गंभीर" श्रेणी में आता है। पंजाब में पीएम10 का स्तर 144 और पीएम2.5 का स्तर 77 दर्ज किया गया है, जो "बहुत अस्वस्थ" श्रेणी में माना जाता है। राज्य के आठ वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से केवल अमृतसर और बठिंडा में हवा अपेक्षाकृत स्वच्छ (एक्यूआई 100 से कम) दर्ज की गई है। बाकी शहर यलो जोन यानी "मध्यम" श्रेणी में हैं।*

**▪ हवाओं से बदली प्रदूषण की स्थिति...** *मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, फिलहाल पंजाब में उत्तर-पश्चिमी हवाएं चल रही हैं, जो अंदरूनी इलाकों के प्रदूषक तत्वों को एक जगह से दूसरी जगह ले जा रही हैं। पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, 15 सितंबर से 16 अक्टूबर 2025 तक राज्य में केवल 188 पराली जलाने के मामले दर्ज किए गए हैं।*

### पंजाब के प्रमुख शहरों मौसम

- **अमृतसर:** *आसमान साफ, तापमान 18C से 30C*
- **जालंधर:** *आसमान साफ, तापमान 20C से 30C*
- **लुधियाना:** *धूप खिली रहेगी, तापमान 18C से 32C*
- **पटियाला:** *मौसम साफ, तापमान 19C से 33C*
- **मोहाली:** *साफ आसमान, तापमान 21C से 32C*

*मौसम विभाग का कहना है कि कुछ दिनों में हवा की दिशा और पराली की स्थिति वायु गुणवत्ता को प्रभावित करेगी। राज्य में मौसम सामान्य लेकिन प्रदूषण का स्तर अब भी चिंता का कारण बना हुआ है।*

**• अमृतसर-सहरसा गरीब रथ में हुआ हादसा**

# सरहिंद के पास ट्रेन की एसी बोगी में लगी आग, कोई जनहानि नहीं

**समर न्यूज़ | सरहिंद**

शनिवार सुबह अमृतसर से बिहार के सहरसा जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस नंबर 12204 में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब पंजाब के सरहिंद स्टेशन पार करते ही ट्रेन की एसी बोगी में आग लग गई। हादसे का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। गनीमत रही कि सभी यात्री समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए और कोई जनहानि नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार, 19 नंबर एसी बोगी में धुआं उठता देख एक यात्री ने तुरंत चेन खींची, जिससे ट्रेन रुक गई। इसके बाद बोगी में बैठे यात्री अपने सामान छोड़कर नीचे उतर गए। भगदड़ के दौरान कई लोगों को हल्की चोटें आईं, जबकि एक यात्री को गंभीर चोट पहुंची है। रेलवे, फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग में बोगी नंबर 19 पूरी तरह जल गई, जबकि 18 नंबर बोगी का आधा हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है।





### ▪ रेलवे ने जांच के आदेश दिए

*अंबाला डिवीजन के डीआरएम विनोद भाटिया ने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात सामने आई है। सीनियर डीसीएम एनके झा ने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद ट्रेन को सरहिंद स्टेशन से रवाना कर दिया गया।*

**▪ यात्रियों ने बताया डरावना मंजर...** *एक यात्री ने बताया कि सरहिंद के पास बोगी नंबर 19 से धुआं निकलता देख यात्री घबरा गए। लोग 18 नंबर बोगी की तरफ भागने लगे और किसी ने चेन खींच दी, जिससे ट्रेन रुक गई। धुआं इतना था कि सांस लेना मुश्किल हो गया था।*

**▪ ट्रेनों का संचालन प्रभावित...** *इस हादसे के चलते अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस, गुरुमुखी सुपरफास्ट, सचखंड एक्सप्रेस, दिल्ली इंटरसिटी और जालंधर इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा और यात्राएं विलंब से हुईं। रेल प्रशासन के मुताबिक, स्थिति अब नियंत्रण में है और ट्रेन को जल्द ही अपने गंतव्य सहरसा के लिए रवाना कर दिया गया।*

# कल दिवाली व लक्ष्मी-गणेश पूजन का मुहूर्त शाम 7:23 से 8:27 तक, मुहूर्त ट्रेडिंग भी इसी दिन, आज नरक चौदस

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़/पटियाला**

इस बार दीपावली की तारीख को लेकर चल रहा संशय अब खत्म हो गया है। पंचांग गणना के अनुसार 2025 में दिवाली 20 अक्टूबर सोमवार को मनाई जाएगी। नैना देवी मंदिर पटियाला के पंडित पुरषोत्तम सेमवाल ने बताया कि लक्ष्मी-गणेश पूजन का शुभ मुहूर्त प्रदोष काल और वृषभ लग्न में शाम 7:23 से 8:27 बजे तक रहेगा। कार्तिक अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर दोपहर 3:44 बजे से शुरू होकर 21 अक्टूबर शाम 5:54 बजे तक रहेगी। इस काल में देवी लक्ष्मी की आराधना विशेष फलदायी मानी गई है।

**▪ शेयर बाजार में भी रहेगी रौनक...** परंपरा के अनुसार मुहूर्त ट्रेडिंग इस वर्ष 20 अक्टूबर को ही होगी। सेशन समय: शाम 6:15 से 7:15 बजे तक। निवेशक इसे नए वित्तीय वर्ष की शुभ शुरुआत मानते हैं।

**▪ क्यों मनाते हैं दीपावली...** धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में दीपावली मनाई जाती है। यह देवी लक्ष्मी की कृपा प्राप्ति का दिन भी माना जाता है। कहा जाता है कि इस रात महालक्ष्मी उल्लू पर सवार होकर पृथ्वी भ्रमण करती हैं और स्वच्छ, प्रकाशमान घरों में प्रवेश करती हैं। दिवाली पर मिठाइयों, उपहारों और सजावट का सिलसिला चरम पर रहेगा। बच्चों के लिए यह आतिशबाजी का पर्व है, लेकिन कई राज्यों ने प्रदूषण को देखते हुए पटाखों पर रोक लगाई है। फिर भी दीपों की जगमगाहट और खुशियों के माहौल से देश रोशन रहेगा।

### ▪ पंचदिवसीय दीपोत्सव इस बार ऐसे रहेगा

- **19 अक्टूबर : पूजा मुहूर्त- शाम 5:47 से 8:57 बजे तक, स्नान मुहूर्त- 20 अक्टूबर 5:09 से 6:25 बजे।**
- **दिवाली / लक्ष्मी पूजा : 20 अक्टूबर: लक्ष्मी पूजन- शाम 7:23 से 8:27 बजे निशीथ पूजा: रात 11:47 से 12:36 बजे।**
- **गोवर्धन पूजा / अन्नकूट : 22 अक्टूबर: प्रातः 6:26- 8:42 बजे, सायं 3:29-5:44 बजे।**
- **भाई दूज: 23 अक्टूबर : तिलक मुहूर्त- 1:13 से लेकर 3:28 बजे तक।**




# चीन सीमा पर तैनात सैनिक अब सीखेंगे चीनी भाषा

**आगाज •** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश देश का ऐसा विश्वविद्यालय जो सेना के जवानों के लिए ऐसी पहल कर रहा

**राहुल चावला/धर्मशाला | समर न्यूज़**

भारत–चीन सीमा पर तैनात भारतीय सैनिक अब जल्द ही चीनी भाषा भी सीख सकेंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश (सीयू), धर्मशाला देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय बनने जा रहा है जो सेना के जवानों के लिए विशेष चीनी भाषा कोर्स शुरू करेगा। विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे चुकी है और अब इसे मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय को भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार, यह कोर्स आगामी शैक्षणिक सत्र से शुरू होने की संभावना है। शुरुआती चरण में यह छह माह का होगा, जिसे आगे एक वर्ष और दो वर्ष की अवधि तक बढ़ाया जा सकेगा।



सत प्रकाश बंसल।

वाइस चांसलर प्रो. सत प्रकाश बंसल ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए चीनी भाषा का ज्ञान बेहद आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा, "सीमा पर तैनात जवानों को कम से कम चीनी भाषा बोलना आना चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर संवाद स्थापित किया जा सके। इसी उद्देश्य से यह कोर्स शुरू किया जा रहा है।" प्रो. बंसल ने बताया कि विश्वविद्यालय पहले से ही विदेशी भाषाओं फ्रेंच, जर्मन और स्पेनिश के कोर्स शुरू करने की योजना पर काम कर रहा था। इसी क्रम में अब चीनी भाषा को भी जोड़ा गया है। विश्वविद्यालय में इन भाषाओं के लिए गेस्ट फैकल्टी की व्यवस्था की जाएगी।

### सैन्य और पर्यटन क्षेत्र दोनों को लाभ

*प्रो. बंसल के अनुसार, कई मौकों पर यह देखा गया है कि भारतीय जवानों को चीनी भाषा न आने के कारण सीमावर्ती इलाकों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस कोर्स से सैनिकों को लाभ मिलेगा और पर्यटन क्षेत्र में भी नई संभावनाएं खुलेंगी। उन्होंने कहा कि यह कोर्स केवल सेना के जवानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इच्छुक युवाओं के लिए भी खुला रहेगा। शुरुआती तौर पर यह ऑफलाइन मोड में छह माह का सर्टिफिकेट कोर्स होगा। इसके बाद विश्वविद्यालय में पूर्ण रूप से चीनी भाषा विभाग स्थापित कर इसे डिप्लोमा और आगे दो वर्षीय कार्यक्रम के रूप में विस्तारित किया जाएगा।*

### देश में पहला विश्वविद्यालय बनेगा सीयू

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश देश का पहला ऐसा संस्थान होगा जो विशेष रूप से सेना के जवानों के लिए चीनी भाषा का प्रशिक्षण कोर्स शुरू करेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि कोर्स को इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि जवान अपनी ड्यूटी के साथ-साथ इसे पूरा कर सकें। कुल मिलाकर, यह पहल न केवल सीमावर्ती इलाकों में तैनात सैनिकों के लिए एक नई दिशा खोलेगी, बल्कि भारत–चीन सीमा पर संवाद और समझ को भी मजबूत करेगी।

# देखिए, ये जिम्मेदार ऐसे फैलाते हैं सेक्टर 77 में गंदगी

## • अस्पताल की पिछली करतूत फेंका इस्तेमाल किया डायपर और अब छोड़ा टॉयलेट का पानी

### ▪ करोड़ों की कोठियां और लोगों को गंदगी झेलनी पड़ रही

### आलीशान कोठियां के सामने करते हैं पेशाब





*श्री गुरु हरकिशन साहिब चैरिटेबल हॉस्पिटल के हालत इतने खराब हैं कि उनके अस्पताल में जो पेशेंट आते हैं, उनको पेशाब करने के लिए अस्पताल के बाहर कोठियों के सामने खुले में करना पड़ता है जिसके कारण वहां रह रहे लोगों को बहुत ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।*

हरजीत मठारू/मोहाली| समर न्यूज़

मोहाली गामडा के सेक्टर 77 के निवासियों को श्री गुरु हरकृष्ण साहिब चैरिटेबल हॉस्पिटल की ओर से फैलाई जा रही गंदगी के कारण बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस अस्पताल की पहली करतूत ये थी कि मरीजों का इस्तेमाल किया गया डायपर खुलेआम फेंका जा रहा था। अब सेक्टर में रह रहे निवासियों ने बताया कि अस्पताल की ओर से हॉस्पिटल के टॉयलेट का गंदा पानी सेक्टर में छोड़ गया है। इसके कारण पूरे सेक्टर में गंदगी फैल रही है और करोड़ों की कोठियां बनाकर रह रहे लोग ना तो घर से बाहर निकाल सकते हैं और ना ही उनके बच्चे बाहर खेल सकते हैं, क्योंकि अस्पताल की ओर से बहुत ज्यादा गंदगी फ्लाई जा रही है जिसके कारण बीमारी लगने का हर समय डर बना हुआ है। सेक्टर 77 में रहते निवासियों ने बताया कि अस्पताल में जो मरीज के लिए डायपर इस्तेमाल किए होते थे। वह गंदे डायपर अस्पताल के गेट पर कोठियों के पास फेंकते थे, जिसके बाद पूरे सेक्टर में गंदगी और दुर्गंध फैली रहती थी। दिवाली के कारण सब लोग अपने घर के आसपास सफाई करवा रहे थे तब देखने को मिला अस्पताल के अंदर से टॉयलेट का गंदा पानी उनकी करोड़ों की बनी आलीशान कोठियों के तरफ आ रहा था। जिसमें से गंदी बदबू बहुत ज्यादा आ रही थी और वहां पर खड़ होना भी बहुत मुश्किल हुआ पड़ा है। देखने पर यह भी पाया गया कि अस्पताल की ओर से टॉयलेट का गंदा पानी बरसाती पाइपलाइन में छोड़ा जा रहा है, जोकि गैरकानूनी है।

**• इनका कहना है कि होगी उचित कार्रवाई : सिविल**



*इसके संबंध में जब समर एक्सप्रेस की टीम ने मोहाली के सिविल सर्जन संगीता जैन से बात की तो उन्होंने बताया कि उनकी ओर से खिलाफ कंप्लेंट आगे मार्क कर दी है जल्द ही अस्पताल के ऊपर उचित कार्रवाई की जाएगी।*

**• जांच कराएंगे : विधायक कुलवंत**



*जब इस बाबत सेक्टर में रहते लोगों ने विधायक कुलवंत सिंह को बताया कि उनके सेक्टर में अस्पताल की ओर से बहुत ज्यादा गंदगी डाली जा रही है तो इस पर विधायक ने कहा कि वे इसकी जांच कराएंगे।*

**क्या कहते हैं जिम्मेदार**



*श्री गुरु हरकृष्ण साहिब चेरिटेबल हॉस्पिटल के ट्रस्टी गुरमीत सिंह से बात की तो उन्होंने कहा इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। वह चेक करवाएंगे और जो कुछ ठीक होने वाला होगा उसे ठीक कराएंगे।*

# फूड सेफ्टी टीम ने कोल्ड स्टोरेज में दी दबिश, 160 किलो खोया व गुलाब जामुन किये नष्ट

## एक्टिव एन्टी करप्शन के प्रेसिडेंट रमेश बांगड़ की सूचना के बाद हुई करवाई

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़



खराब मिठाइयों को नष्ट करते हुए।

बुधवार को लुधियाना की फूड सेफ्टी टीम ने के साथ मिलकर जालंधर बाईपास स्तिथ एक कोल्ड स्टोरेज में छापा मार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम को बड़ी मात्रा में खोया और गुलाब जामुन खराब स्थिति में मिले, जोकि खाने के योग्य नहीं थे। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कुल 160 किलोग्राम मिठाइयाँ मौके पर ही नष्ट कर दीं। यह कार्रवाई विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी पारदर्शिता से की गई। इसके साथ ही टीम ने रसगुल्ले का एक नमूना भी मौके से एकत्र कर उसे जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा। रिपोर्ट आने के बाद फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. रमनदीप कौर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इस बात के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि जनता तक केवल सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाला भोजन ही पहुँचे। उन्होंने बताया कि त्योहारी मौसम में विभाग की विशेष टीमें रोजाना निरीक्षण कर रही हैं ताकि मिलावटखोरी और अस्वच्छ उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने फूड बिज़नेस ऑपरेटरों को आगाह करते हुए कहा कि मिठाइयों और डेयरी उत्पादों जैसे नाशवान पदार्थों का भंडारण उचित तापमान पर किया जाए और FSSAI के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। वही उन्होंने कहा कि "खाद्य गुणवत्ता में कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।" वही एक्टिव एन्टी करप्शन के प्रेसिडेंट रमेश बांगड़ ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि उक्त कोल्ड स्टोरेज में खराब और मिलावटी मिठाई रखी गई है, उन्होंने सिविल सर्जन को सूचित किया था। जिसके बाद उन्होंने टीम को निर्देश जारी कर यह करवाई करवाई। वहीं उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर आपके आसपास भी कोई गंदगी या मिलावट खोरी वाला काम चल रहा है, तो जल्द से जल्द संबंधित विभाग को सूचित करें।

### 20 तक आदेवन करें, 2 साल का अनुभव जरुरी

# विदेश मंत्रालय में चंडीगढ़ पुलिस कर्मियों की तैनाती होगी

अमृतसर|समर न्यूज़

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के ब्यूरो ऑफ सिक्योरिटी में साल 2026 के लिए चंडीगढ़ पुलिस के दो कर्मियों की डेपुटेशन पर तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मंत्रालय ने पत्र जारी कर एक हेड कॉन्स्टेबल और एक कॉन्स्टेबल का नाम मांगा है, जो नई दिल्ली स्थित मंत्रालय में बीओएस के तहत सुरक्षा और निगरानी से संबंधित जिम्मेदारियां संभालेंगे। हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल पद के लिए पात्र पुलिसकर्मी वे होंगे जिनका सेवा रिकॉर्ड बेदाग हो, जिन पर कोई विभागीय या विजिलेंस जांच लंबित न हो, और जिन्होंने अपने कार्यकाल में अनुशासन और ईमानदारी का उदाहरण पेश किया हो।

**▪ पांच साल का सेवा अनुभव आवश्यक...** कॉन्स्टेबल के लिए पे लेवल 3 एमएसीपी के तहत पे लेवल 4 और बेसिक पे 69,100 तक, जबकि हेड कॉन्स्टेबल के लिए पे लेवल 4 एमएसीपी के तहत पे लेवल 5 और बेसिक पे 81,100 तक निर्धारित किया गया है। आवेदन करने वाले पुलिसकर्मी की आयु 45 वर्ष से कम होनी चाहिए और कम से कम पांच साल का सेवा अनुभव आवश्यक है। अंग्रेजी में पढ़ने, लिखने और संवाद करने की दक्षता, कमांडो या एसटीएफ प्रशिक्षण, कंप्यूटर का मूलभूत ज्ञान, और वैध एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस आवश्यक शर्तें हैं।

**▪ 20 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन...** इच्छुक पुलिसकर्मी 20 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन संबंधित यूनिट इंचार्ज, एसडीपीओ या डीएसपी की अनुशंसा सहित जमा करवा सकते हैं। फॉर्म में उम्मीदवार को अपनी पूरी जानकारी जैसे नाम, सेवा विवरण भरनी होगी।

# अमृतसर में ज्वेलर्स पर युवक ने तानी पिस्टल

## सीसीटीवी आया सामने, बोला-बहन से पैसों का लेन-देन था, भाई ने आकर की गाली-गलौज



सीसीटीवी में दिख रहा है ज्वेलर पर आरोपी ने तानी पिस्तौल।

भरत शर्मा/अमृतसर
समर न्यूज़

अमृतसर के शिवाला फाटक क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब ज्वेलर्स की दुकान पर युवक ने ज्वेलर्स पर पिस्टल तान दी। पूरी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि आरोपी ज्वेलर्स के माथे पर पिस्टल तानते दिख रहा है और गाली-गलौज करता है। घटना शुक्रवार रात 9 बजे की है। पीड़ित ज्वेलर्स विनय ने बताया कि उसका किसी लड़की से पैसों का लेन-देन था। लड़की खुद पैसे लौटाने के लिए दुकान पर आने वाली थी। लेकिन उसी दौरान लड़की का भाई अचानक दुकान पर आया और बिना किसी बातचीत के गाली-गलौज शुरू कर दी।

**▪ आरोपी की गिरफ्तारी की मांग...** विनय ने कहा कि उसने मेरे माथे पर गन तान दी। अगर वो गन चल जाती, तो शायद मैं आज जिंदा नहीं होता। विनय ने बताया कि युवक जब दुकान से बाहर गया तो उस के बाद भी लगातार मां-बहन की गालियां देता रहा। डर के माहौल मैंने तुरंत दुकान बंद की और 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

**▪ सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने जब्त किया...** मौके पर पहुंची एएसआई वर्षा सिंह ने बताया कि हमें 112 नंबर पर कॉल मिली थी, जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सीनियर अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले लिया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर रोष है और व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# बिल लाओ इनाम पाओ योजना में बंपर इनामः हरपाल चीमा

## • तिमाही बंपर ड्रा में दूसरा इनाम 50,000 रुपये और तीसरा इनाम 25,000 रुपये का होगा

चंडीगढ़| समर न्यूज़



कर अनुपालन में पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में, पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां राज्य की लोकप्रिय "बिल लाओ इनाम पाओ" योजना में बड़े विस्तार की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब इस योजना में एक तिमाही बंपर ड्रा जोड़ा जाएगा, जिसके माध्यम से जनता को बड़े नकद इनाम दिए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग ले सकें। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि हर तिमाही में योजना में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 1,00,000 रुपये का पहला इनाम, 50,000 रुपये का दूसरा इनाम और 25,000 रुपये का तीसरा इनाम जीतने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि कर अनुपालन को और सरल बनाने के लिए "मेरा बिल" ऐप में सेवा क्षेत्र जैसे रेस्तरां, सैलून और बुटीक , से संबंधित बिल अपलोड करने और इनाम वितरण की एक समर्पित प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। वित्त मंत्री ने बताया, "इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं की पूछताछ का तत्काल समाधान देने के लिए एक रीयल-टाइम चैटबॉट भी लॉन्च किया जाएगा, और अब ऐप अंग्रेज़ी के साथ-साथ पंजाबी और हिंदी भाषाओं में भी उपलब्ध होगा, ताकि आम नागरिकों के लिए इसकी पहुंच को व्यापक बनाया जा सके।" वित्त मंत्री चीमा ने बताया कि अप्रैल से अगस्त 2025 के बीच कुल 30,769 बिल अपलोड किए गए, जिनमें से 1,263 विजेताओं ने कुल 78,13,715 रुपये की इनामी राशि जीती। उन्होंने कहा कि अपलोड किए गए सभी बिलों की कर विभाग द्वारा सख्ती से जांच की जाती है, और अब तक योजना की शुरुआत से कुल 9.07 करोड़ रुपये के जुर्माने लगाए गए हैं, जिनमें से 7.31 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा सितंबर 2023 में शुरू की गई "बिल लाओ इनाम पाओ" योजना और इससे संबंधित "मेरा बिल" ऐप का उद्देश्य जिम्मेदार उपभोक्ताओं और कर अनुपालन की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। इस योजना में कच्चा तेल, पेट्रोल, डीज़ल, विमानन ईंधन, प्राकृतिक गैस, शराब, राज्य से बाहर की खरीदारी तथा बिज़नेस-टू-बिज़नेस लेन-देन से जुड़े बिल शामिल नहीं किए जाते। चीमा ने नवाचार, पारदर्शिता और सहभागितापूर्ण शासन के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पंजाबवासियों से इस योजना में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

# मोहाली, रूपनगर,मोगा और लुधियाना के लिए अग्निवीर भर्ती रैली 1 से शुरू

परदीप सिंह हैप्पी/ मोहाली
समर न्यूज़

अग्निवीर के लिए भर्ती रैली 1 से 8 नवंबर तक गुरु नानक स्टेडियम, लुधियाना में आयोजित की जाएगी। यह रैली लुधियाना, मोगा, रूपनगर और मोहाली जिलों के उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जा रही है। जिन उम्मीदवारों ने पिछली परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे अपने लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके आधिकारिक वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी उम्मीदवार को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई कठिनाई हो, तो वे 0161-2412123 पर या कार्यालय एआरओ, लुधियाना से संपर्क करें। सभी उम्मीदवारों को अयोग्यता से बचने के लिए निर्धारित तिथि पर समय पर रिपोर्ट करना।

# जनवरी से अब तक 2408 विद्यार्थियों ने पंजाब विधानसभा का किया दौराः कुलतार

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



राज्य के विद्यार्थियों को विधानसभा के कार्यप्रणाली से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से, पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां ने पंजाब के विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया। संधवां ने बताया कि 1 जनवरी 2025 से अब तक विधानसभा की वास्तविक कार्यवाही देखने के लिए सत्र के दौरान 1237 विद्यार्थियों ने और गैर-सत्र दिनों में 1171 विद्यार्थियों ने दौरा किया। स्पीकर ने विद्यार्थियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और कहा कि उनके लिए पंजाब विधानसभा सचिवालय में विद्यार्थियों से बातचीत करना अत्यंत हर्ष का विषय है। संधवां ने कहा कि पंजाब विधानसभा की संवैधानिक कार्यवाही को देखकर विद्यार्थियों में राजनीति के क्षेत्र के प्रति रुचि उत्पन्न हुई है, जो देश के लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके भविष्य के जीवन में बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। विद्यार्थियों ने पंजाब विधानसभा भवन के शानदार डिज़ाइन और वास्तुकला को देखकर आश्चर्य और खुशी व्यक्त की।

# स्कूल की बसों का रोड पर कब्जा, स्कूल प्रबंधन ने बात करने से किया इनकार

## • जल्द होगी कार्रवाई डीसीपी ट्रैफिक, स्कूल के बाहर सड़क पर बसों में बैठाए जाते हैं छोटे बच्चे, सुरक्षा के बिना दौड़ती दिखीं स्कूल बसें

हरजीत मठारू/ मोहाली
समर न्यूज़





मोहाली के फेस 11 स्थित इन्फेंट्र जीसस कॉन्वेंट स्कूल की ओर से शेरेआम उड़ाई जा रही हैं कानून की धज्जियां 1 स्कूल के बाहर दोनों और रोड के ऊपर ही स्कूल की बसे की जाती है खड़ी जिसके कारण आदि रोड बिल्कुल ब्लॉक हो जाती है फिर आधी सड़क पर आने जाने वाले लोगों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण रोजाना लंबा सम जाम लगा रहता है।

**▪ सड़क पर स्कूल की बसों का कब्जा...** जानकारी देते हुए जाम में फंसे जगजीत सिंह,गुरतेज सिंह,भूपेंद्र शर्मा,तिलक राज ने बताया कि वो फेज गिआरा में रहते हैं जब भी उनको काम से आना जाना पड़ता है तो स्कूल की बस्से रोडपर खड़ी होने के कारण आधी सड़क बिल्कुल ब्लॉक हो जाती है और आने जाने वाले लोगों को आधी सड़क से अपनी गाड़ियां स्कूटर मोटरसाइकिल निकालने पड़ते हैं। जिसके कारण लंबा जाम लगता है और कई बार तो वो आधे से एक घंटा जाम में फसे रहते हैं और ट्रैफिक जाम होने के कारण आपस में गाड़ियां भी टकरा जाती हैं और लड़ाई झगड़े की अकसर संभावना बनी रहती है।

**▪ बस ड्राइवर उड़ा रहे हैं कानून की धज्जियां...** समर एक्सप्रेस की टीम ने जब फेस गिआरा के इन्फेंट्र जीसस कॉन्वेंट स्कूल के पास जाकर देखा तो साफ नजर आया कि ड्राइवर बिना वर्दी बिना सीट बेल्ट और सड़क के ऊपर गाड़ियां खड़ी करते है जब ड्राइवर ने मीडिया के कैमरे को देखा तो उन्होंने बस्से भगानी शुरू कर दी जिस में छोटे छोटे बच्चे सवार थे 1

**▪ चलती सड़क पर छोटे बच्चों को बठाते हैं बसों में...** जानकारी मुताबिक यह भी पता चला कि अक्सर ट्राई सिटी में हर स्कूल की मैनेजमेंट और बस ड्राइवर की ओर से स्कूल के अंदर पार्किंग में बसों को खड़ी करके छोटे बच्चों को फिर बस में बैठाया जाता है ताकि वो सुरक्षित रहे मगर यहां देखने को यह मिला की पहले तो छोटे बच्चो को स्कूल से बाहर लाकर फिर चलती सड़क पर खड़ी बसों में बैठाया जाता है और बिना किसी सेफ्टी बसों को भगाया जाता है।

**▪ क्या कहना है स्कूल की मैनेजमेंट का...** इस बाबत जब समर एक्सप्रेस की टीम की ओर से स्कूल में जाकर बात करने की कोशिश की गई तो पहले तो गेट पर सिक्योरिटी गार्ड ने अंदर नहीं जाने दिया और बोला कि मैं आपकी बात करता हूं तो जब मैनेजमेंट से बात करने लगे तो मैनेजमेंट ने फोन काट दिया और अपना पक्ष देने को इनकार कर दिया इससे यह पता चलता है कि स्कूल को किसी भी कानून का कोई डर नहीं है।


**▪ मोहाली डीसीपी ट्रैफिक क्या बोले...** इस बाबत जब डीसीपी ट्रैफिक करनैल सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनकी ओर से पहले भी जो भी स्कूल की बसें कानून तोड़ती हैं जा बिना वर्दी के ड्राइवर बस चलाते हैं और नो पार्किंग में सड़क के ऊपर गाड़ियां खड़ी करते हैं उनके ऊपर पहले भी कार्रवाई की जाती थी। अब भी जो यह स्कूल के बाहर नो पार्किंग में बस से खड़ी होती हैं जिनके कारण बहुत जाम लगता है उनके ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी उनके चालान किए जाएंगे

# पंजाब पुलिस ने छापेमारी में 59 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

समर न्यूज़/ चंडीगढ़

"युद्ध नशों विरुद्ध" को लगातार 231वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज राज्यभर में 322 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुल 43 एफआईआर दर्ज कर 59 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही, पिछले 231 दिनों में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या बढ़कर 33,405 हो गई है। इन छापेमारियों के दौरान पकड़े गए नशा तस्करों के कब्जे से 717 ग्राम हेरोइन, 557 ग्राम अफीम, 320 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 44680 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। नशे के खिलाफ इस जंग की निगरानी के लिए राज्य सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

इस अभियान के दौरान 55 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों की 120 से अधिक टीमें राज्यभर में 322 स्थानों पर छापेमारी में शामिल रहीं। दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 323 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।





# OM SINGH: THE VISIONARY BEHINDE EMPEROR BULLS - PUNJAB'S LEADING STOCK MARKET INSTITUTE



Mr. Om Singh

Ludhiana's financial education landscape is wit nessing a revolu-tion, thanks to Om Singh, the Found-er and Owner of Emperor Bulls, With over six years of ex pertise in the stock market, Om Singh has successfully es-tab-lished Emperor Bulls as the most sought-after share market train-ing in-stitute in Ludhiana and Ja-landhar. Believing that edu-cation is the foun-dation of financial suc-cess. Emperor Bulls was found-ed with a vision to provide compre-hensive, practical, and hands-on training in stock mar-ket trading and investment. The institute is dedicated to empow ering individu-als with in-depth knowl-edge, strategic insights, and real-time market exposure, helping them navigate the ever evolv-ing financial landscape with confidence.

What sets Emper-or Bulls apart is its team of sea soned professionals, Industry experts and passionate educa-tors, all committed to delivering high-quali-ty financial education in a supportive learn-ing environment. Going beyond theo-retical con-cepts, Om Singh and his team focus on practical strategies, market psychology, and risk management, ensuring their stu-dents are equipped with real-world trading skills. With a proven track record of success. Emperor Bulls con-tinues to shape the future of fi nancial literacy, making stock market education accessible and effec-tive for aspiring traders and Investors across




Homoeotouch
THE HEALING TOUCH WITH WISDOM OF HOMOEOPATHY

EXPERIENCE BASED HOMOEOPATHY WITH BEST RESULTS.

A UNIQUE PERSONALISED TREATMENT APPROACH BASED ON 5 HUMAN SENSES.

3 DECADES of Experience with Personalized Treatment Plan (PTP)

30+ YEARS EXPERIENCE

300K+ HAPPY CLIENTS


QUICK RESULTS WITHOUT ANY SIDE EFFECTS
A TEAM OF EXPERIENCED DOCTORS
COMFORTABLE AND RELAXING WAITING AREA
PERSONALISED TREATMENT APPROACH (PTP)
TREAT THE ROOT CAUSE OF THE DISEASE
SPECIAL KIDS ZONE FOR BETTER OBSERVATION



Choose Homoeotouch Homoeopathic Clinic for your kids

We have PEAR (Pediatrics Evaluation Assessment Room)
A specially designated observation room designed to make kids comfortable!!

# No more fear of doctors and the question answer session
# Observation is made while kids play
# Assessment is made from their drawings
# Educational Toys



Autism and Our Approach

AUTISM IS CURABLE AND HOMOEO TOUCH PRODUCES RESULTS.

We Diagnose the Disease & Root it Out

Contact us for the right diagnosis and the best treatment!!

Autism is a new-age disease. It is a neurological disorder that impairs the kid's ability to communicate, interact, learn, or behave. The child suffering from Autism can hear but does not respond when called his/her name. He/She can see but does not make eye contact.

It has been observed that the disease is purely related to "Over or less" use of our sensory organs. It is these sensory deficits or excesses, that produces different symptoms.

At Homoeotouch, we closely observe the symptoms of the patient and diagnose its type.

We believe that these five elements: Aakash (The Space), Agni (The Fire, Vayu (The Air), Dharti (The Earth) and Jal (The Water) beautifully sync with the Human Senses Hearing, Touch, Vision, Taste, Smell in form of Shabad Sparsh Roop Ras Gandh as per ancient Indian Wisdom. These five elements are the manifestations of consciousness/Awareness.

The lack of coordination among these 5 senses creates the gap.

Our treatment is based upon the mapping the five senses.

1. The interaction and communication power of the child improves. 2. He/She becomes able to maintain good eye contact. 3. Starts responding. 4. Improvement in focus and concentration leads to good studies like a normal child. 5. A remarkable improvement in speech skills is observed as your child starts verbal communication with you and the People around you.

WE HAVE A 5-STEP PROCEDURE TO TREAT THE DISEASE:

1. The patient or visitor can fill out an inquiry form at the reception or on website. 2. Our assistant doctor will attend to the patient and listen carefully to every detail. discussing both common and specific symptoms. 3. The case will then be analyzed by our Senior Doctor, Prof. Dr. Muktinder Singh, who has over 30 years of experience. He uses a unique Personalized Treatment Approach and maps the patient's five senses to analize the case. 4. A personal meeting is scheduled with Dr. Muktinder Singh to discuss the case and prescribe the treatment. 5. The Doctor will brief the patient about the duration of the course.

PROF DR. MUKTINDER SINGH (MD)

Sen. Homoeopath HOD Repertory SGND Medical College & Hospital
Guest Faculty at London College of Homoeopathy, UK



Internationally Renowned Homoeopathic Doctor

RENOWNED SPEAKER

Chairman, Scientific Committee of Indian Institute of Homoeopathic Physicians

Homoeotouch
340 A, KRISHNA MANDIR, OPP. GUPTA BOOK DEPOT, MODEL TOWN EXTENSION, LUDHIANA-141002. + 91-87270-04777, 99856-46000, www.homoeotouch.com
Muktinder Singh
homoeotech,muktindersingh
homoeotech,muktindersingh
info@homoeotech.com

# पानीपत में आठ बच्चों के पिता की दोस्तों ने की हत्या

समर न्यूज | पानीपत




शहर की देशराज कॉलोनी में एक युवक की संदिग्ध हालात में हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय सद्दाम के रूप में हुई है, जो आठ बच्चों का पिता था और एक फैक्ट्री में काम करता था। परिजनों ने मृतक के ही पांच दोस्तों पर सिर पर शराब की बोतल और ईंट से हमला कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पांचों आरोपितों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**वीडियो में आरोपी नजर आने का दावा** : मृतक के भाई इलियास ने बताया कि घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पांचों आरोपी नजर आ रहे हैं। इलियास के अनुसार सभी आरोपी सद्दाम के दोस्त थे और आए दिन उसके साथ शराब पीते थे।

**अवैध संबंध को लेकर विवाद की आशंका**

मृतक के एक अन्य मित्र ने बताया कि फैक्ट्री में काम करने वाली एक महिला से सद्दाम के कथित अवैध संबंध थे। इसी बात को लेकर उसके दोस्त बृजू, कृष्ण, अजय और दो अन्य व्यक्तियों से विवाद चल रहा था। आरोप है कि आरोपितों ने उसे पहले भी फैक्ट्री आने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

**घटना की रात हुआ हमला**

बताया गया कि गुरुवार रात सद्दाम फैक्ट्री पहुंचा तो आरोपितों से फिर कहासुनी हो गई। इसी दौरान उन्होंने मिलकर उस पर शराब की बोतल और ईंट से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसने दम तोड़ दिया।

**शव परिजनों को सौंपा, पोस्टमार्टम नहीं**

तहसील कैंप थाना पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए हत्या का केस दर्ज कर लिया है। परिजनों की मांग पर बिना पोस्टमार्टम के शव सौंप दिया गया।

**कम उम्र में हुई थी शादी, मजदूरी कर चलाता था घर**

मृतक के भाई ने बताया कि सद्दाम की शादी मात्र 17 वर्ष की उम्र में हुई थी, जबकि उसकी पत्नी तब 16 साल की थी। वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था।

# सुरजेवाला का आरोप : "हरि का हरियाणा बन गया गैंगलैंड"

समर न्यूज | चंडीगढ़



हरियाणा की भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और हरियाणा "अपराधियों का सुरक्षित ठिकाना" बन गया है।

सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि बीते एक साल में हरियाणा हत्या, फिरौती, लूट, रंगदारी, गैंगवार और माफिया नेटवर्क की घटनाओं से दहशत में रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में राजनीतिक अराजकता और अपराधियों की खुली सक्रियता ने कानून-व्यवस्था का "अपहरण" कर लिया है। उन्होंने आगे कहा कि "सरकार और संगठित अपराध के गठजोड़" की वजह से हालात इतने बिगड़ गए हैं कि शराब ठेकों की बोली तक अपराधियों ने नहीं होने दी, जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार मूकदर्शक बनी रही। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि हरियाणा में विकास की रफ्तार ठप हो चुकी है। "दिनदहाड़े फायरिंग, फिरौती कॉल और धमकियों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होना अब आम हो गया है", जो कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी हरियाणा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सैनी सरकार के एक साल पूरे होने पर सोनीपत में होने वाली प्रधानमंत्री की रैली रद्द होना इस बात का संकेत है कि सरकार के पास उपलब्धि गिनाने को कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा कि बीते 11 साल में हरियाणा में विकास का कोई बड़ा प्रोजेक्ट नहीं आया और न ही नई औद्योगिक या रोजगार नीति लागू की गई। "सरकार ने रैली रद्द कर खुद साबित कर दिया कि उसके पास जनता को बताने लायक कुछ भी नहीं है," दीपेंद्र ने कहा।

# 400 अनुयायियों को नपुंसक बनाने के मामले में राम रहीम कोर्ट में पेश

समर न्यूज | चंडीगढ़



डेरा सच्चा सौदा के 400 अनुयायियों को कथित रूप से नपुंसक बनाने के मामले की सुनवाई शुक्रवार को पंचकूला स्पेशल सीबीआई कोर्ट में हुई। इस दौरान सीबीआई ने गवाह भादर सिंह की गवाही दर्ज कराई, जबकि एक अन्य गवाह गोपी किशन की मृत्यु संबंधी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई। आरोपी राम रहीम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 30 अक्टूबर तय की और उस दिन गवाही देने के लिए तीन गवाहों को समन जारी किया। मुख्य गवाह जो वर्तमान में अमेरिका में रह रहे हैं, उनकी गवाही पहले ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कराने के आदेश जारी हो चुके हैं। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से सीनियर पीपी जसविंदर कुमार भट्टी, एपीपी सोनम, और डिप्टी एसपी राकेश कुमार मौर्या कोर्ट में मौजूद रहे। राम रहीम के वकील अमर डी. कमरा और जितेंद्र खुराना भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे। कोर्ट में पेश दस्तावेज़ों के अनुसार, गोपी किशन की मृत्यु 27 जून 2019 को हुई थी, और उनका मृत्यु प्रमाणपत्र भी पेश किया गया। वहीं, जमानत पर उपस्थित डॉक्टर एमपी सिंह और डॉक्टर पंकज गर्ग भी कोर्ट में हाजिर रहे।

## कैथल युवक रूस युद्ध में शहीद, परिवार मांग रहा न्याय

समर न्यूज | कैथल



गांव जनेदपुर के 22 वर्षीय कर्मचंद पुत्र देशराज का विदेश जाने का सपना उसकी मौत के साथ समाप्त हो गया। जर्मनी जाने का झांसा देकर एजेंट ने उसे रूस भेजा, जहां उसे रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर भर्ती कर दिया गया। 6 सितंबर को बम विस्फोट में उसकी मौत हो गई। 17 अक्टूबर को उसका पार्थिव शरीर भारत लौटा और 18 अक्टूबर को गांव में अंतिम संस्कार किया गया। कर्मचंद 7 जुलाई को एजेंट बिट्टू के माध्यम से विदेश गया था। परिवार के अनुसार, उसने 8 लाख रुपये देकर जर्मनी भेजने की ठानी थी, लेकिन धोखे से रूस भेज दिया गया। परिवार को उसकी मौत की जानकारी 19 सितंबर को मिली, जब रूस में सेवा कर रहे एक सैनिक ने टेलीग्राम के जरिए सूचना दी। पुलिस ने एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। परिजन सरकार से मांग कर रहे हैं कि कर्मचंद को युद्ध में शहीद का दर्जा दिया जाए, साथ ही आर्थिक मदद और उसकी बहन के लिए सरकारी नौकरी दी जाए।

# मुख्यमंत्री योजनाः 8547 गरीब परिवारों को मिला प्लॉट



समर न्यूज | पंचकूला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को अपने कार्यकाल के तहत मुख्यमंत्री ग्रामीण और शहरी आवास योजना-2 के अंतर्गत लाभार्थियों को बड़े पैमाने पर आवंटन पत्र वितरित किए।

ग्रामीण क्षेत्रों में 141 गांवों और दो महाग्राम पंचायतों के 8,029 गरीब परिवारों को आवास या प्लाट आवंटित किए गए, जबकि शहरी क्षेत्र के पिंजौर में 518 गरीब परिवारों को प्लाट आवंटन पत्र सौंपे गए।

पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि धनतेरस की छुट्टी के बावजूद संबंधित तहसील कार्यालय शनिवार को खुले रहेंगे, ताकि लाभार्थियों को सुविधाजनक तरीके से आवंटन सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान नायब सिंह सैनी ने पंचायतों के विकास कार्यों के लिए 1,044.57 करोड़ रुपये स्टांप ड्यूटी और बिजली खपत पर पंचायत सेस के रूप में जारी करने की घोषणा की। इसके अलावा, 322 गांवों में फिरनियों (सड़क/पगडंडी) के निर्माण के लिए 169 करोड़ रुपये, और शहरी क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए नगर निकायों को 1,483.77 करोड़ रुपये जारी किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना गरीब परिवारों को अपने आवास और जीवन स्तर सुधारने में मदद करेगी और पंचायतों व नगर निकायों के माध्यम से विकास कार्यों को गति मिलेगी।

# हरियाणा सरकार ने पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने का दिया भरोसा

समर न्यूज | चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने IPS अधिकारी वाई पूरन कुमार और ASI संदीप लाठर की आत्महत्याओं को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि दोनों घटनाओं की अलग-अलग जांच चल रही है और सरकार पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पित है।

वाई पूरन कुमार, जो ADGP रैंक के IPS अधिकारी थे, ने सात अक्टूबर को चंडीगढ़ के सेक्टर 11 में रिवाल्वर से आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने अपने अंतिम नोट में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर और रोहतक के SP समेत 15 अधिकारियों को आरोपित ठहराया था। उनके अनुसार उच्च अधिकारियों द्वारा जातिगत और मानसिक उत्पीड़न किया गया। इस मामले में उनकी पत्नी अमनीत पी कुमार की शिकायत के आधार पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।


इसके बाद हरियाणा सरकार ने पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेजा और SP नरेंद्र बिजरानिया को पद से हटा दिया। चंडीगढ़ पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए IG के नेतृत्व में छह सदस्यीय SIT गठित की।

करीब एक सप्ताह बाद रोहतक के साइबर सेल में तैनात ASI संदीप लाठर ने भी फाइनल नोट और वीडियो छोड़कर आत्महत्या कर ली। उनके नोट में शत्रुजीत कपूर और नरेंद्र बिजरानिया को ईमानदार अधिकारी बताया गया, जबकि वाई पूरन कुमार और अमनीत पी कुमार पर गंभीर आरोप लगाए गए। संदीप लाठर के परिजनों की शिकायत पर अमनीत पी कुमार समेत चार लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की गई, जिसकी जांच रोहतक पुलिस कर रही है।

इन घटनाओं के कारण हरियाणा सरकार की स्थिति संवेदनशील रही और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 अक्टूबर का सोनीपत दौरा स्थगित कर दिया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी दोनों परिवारों को सांत्वना देने भी पहुंचे।

पंचकूला में मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वाई पूरन कुमार की आत्महत्या की जांच चंडीगढ़ पुलिस कर रही है, जबकि संदीप लाठर की आत्महत्या की जांच हरियाणा पुलिस कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होगा और जांच निष्पक्ष रूप से पूरी की जाएगी। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा दौरा जल्द ही होगा, जिसमें वे कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

# भिवानी-महेंद्रगढ़ सांसद धर्मबीर सिंह ने राजनीति से लिया संन्यास



समर न्यूज | भिवानी

हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया है। नारनौल में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्होंने बहुत चुनाव लड़े और अब आराम करना चाहते हैं। सांसद धर्मबीर सिंह का कहना है कि वे अगले महीने 70 वर्ष के हो जाएंगे और अब उन्हें सक्रिय राजनीति से संन्यास लेना चाहिए।

धर्मबीर सिंह ने कहा, "हमारे पूर्वजों ने उम्र को चार चरणों में बांटा था — 25, 50, 75 और 100। उसी के अनुसार काम बांटे गए थे। अब मेरी उम्र 70 साल हो चुकी है, इसलिए मुझे भी वही नियम लागू होने चाहिए।" उनके अनुसार, यह निर्णय व्यक्तिगत और पारिवारिक दृष्टिकोण से लिया गया है।

धर्मबीर सिंह का राजनीतिक सफर 1983 में शुरू हुआ जब उन्होंने भिवानी-खेड़ा पंचायत समिति का चुनाव जीतकर राजनीति में कदम रखा। इसके बाद 1985 में वे पंचायत समिति के चेयरमैन बने और फिर सीधे विधानसभा चुनाव में उतरे, जहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल को तोशाम से हराया। इसके बाद उन्होंने कई बार बंसीलाल और उनके परिवार के सामने चुनाव लड़ा और जीत-हार का मिश्रित अनुभव रहा।

1999 में उन्होंने भिवानी से पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा और हार गए। बाद में तोशाम से चुनाव जीतकर बंसीलाल के बेटे सुरेंद्र सिंह को हराया। 2014 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद, धर्मबीर सिंह ने 2014 और 2019 में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से बंसीलाल की पोती श्रुति चौधरी को हराया। 2024 में कांग्रेस ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी राव दान सिंह को टिकट दिया, लेकिन धर्मबीर सिंह ने जीत की हैट्रिक नहीं रोकी।

# ग्रामीण महिलाओं की उड़ान : आत्मनिर्भरता से करोड़ों की आमदनी तक का सफर

धर्मवीर । मंडी
समर न्यूज़



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी ग्रामीण महिलाएं माण्डव हिम ईरा आजीविका मेले" में अपने स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित करती हुईं।

आत्मनिर्भरता अब सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की पहचान बन चुका है। भारत सरकार के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) से जुड़कर प्रदेश की हजारों महिलाएं आज अपने पैरों पर खड़ी हैं और 'वोकल फॉर लोकल' के नारे को साकार कर रही हैं। मंडी शहर की इंदिरा मार्केट की छत पर लगे "माण्डव हिम ईरा आजीविका मेले" में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने स्थानीय उत्पाद बेचकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही हैं।

कभी घर से बाहर निकलने में झिझकने वाली ये महिलाएं अब अपने उत्पाद देशभर के मेलों में प्रदर्शित कर रही हैं।बालीचौकी ब्लॉक की रीना देवी बताती हैं कि उनके क्लस्टर में 114 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जो ऊनी कपड़े, शॉल, टोपियाँ, कमरी और चीड़ की पतियों से बने उत्पाद तैयार कर रहे हैं।

कई समूह मधुमक्खी पालन और देसी घी उत्पादन से भी जुड़कर अच्छी आमदनी कमा रहे हैं।रीना देवी के अनुसार, पिछले वर्ष शिमला समर फेस्टिवल में प्रदेश की महिलाओं ने लगभग 13 करोड़ रुपये की बिक्री की थी।गोहर ब्लॉक की पवना कुमारी के अनुसार, उनके क्षेत्र के 149 महिला समूह सक्रिय हैं, जिनकी सदस्याएं अपने बनाए उत्पादों की बिक्री से प्रति महिला 15 से 20 हजार रुपये तक की मासिक आय अर्जित कर रही हैं। करसोग ब्लॉक की तवारको देवी और गोपालपुर ब्लॉक की सीमा कुमारी ने एनआरएलएम के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर देने के लिए सरकार का आभार जताया और भविष्य में ऐसे और मेले आयोजित करने की मांग की।निस्संदेह, सरकार की ये पहल न केवल ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है।

## मंत्री नेगी ने की पांगी में योजनाओं की समीक्षा

मंजूर| चम्बा
समर न्यूज़



राजस्व और बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने अपने पांगी प्रवास के दौरान वापसी पर चुराह विधानसभा क्षेत्र के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, कॉलोनी मोड़ में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि पांगी में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की गई है और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 का अधिक से अधिक लोग लाभ उठाएं, क्योंकि यह अधिनियम वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक प्रदान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस अधिनियम की प्रगति रिपोर्ट हर महीने अधिकारियों से ली जाएगी।

## आलाकमान जिसे चाहे, वही बनेगा अध्यक्ष : प्रतिभा

संजू |शिमला
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस को जल्द ही नया अध्यक्ष मिलने वाला है।अध्यक्ष पद की दौड़ में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक कुलदीप राठौर और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार के नाम प्रमुख रूप से चर्चा में हैं। इस बीच, मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि आलाकमान जिसे चाहे, उसे प्रदेश अध्यक्ष बना सकता है, और वे इस विषय पर कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करना चाहतीं।प्रतिभा सिंह ने यह भी कहा कि हिमाचल कांग्रेस की कार्यकारिणी को भंग हुए लगभग एक साल का समय होने वाला है, और वे पहले से ही संगठन में जल्द विस्तार की वकालत करती आ रही हैं।

## भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर चैतन्य शर्मा का स्वागत



राकेश | ऊना
समर न्यूज़

गगरेट क्षेत्र में उस समय उत्साह और उल्लास का माहौल छा गया जब पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चैतन्य शर्मा को भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जैसे ही यह खबर क्षेत्र में पहुंची, कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। शनिवार को जब चैतन्य शर्मा रेलवे स्टेशन पहुंचे तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों, नारों और फूलों की वर्षा के साथ उनका भव्य स्वागत किया। समूचा रेलवे स्टेशन "चैतन्य शर्मा जिंदाबाद" जैसे नारों से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर और फूलों के हार पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि चैतन्य शर्मा की यह नियुक्ति गगरेट विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि उनकी ताजपोशी से पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का वातावरण है।यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे गगरेट क्षेत्र और भाजपा परिवार का है। यह पद मेरे जिम्मेदारी लेकर आया है।

# कुलदीप सिंह राठौर, संगठन के सधे कप्तान, जिन पर हाईकमान का फिर भरोसा

मोहित प्रेम शर्मा/ शिमला
समर न्यूज



विधायक कुलदीप सिंह राठौर

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में इन दिनों अध्यक्ष पद को लेकर मंथन जारी है, और इस दौड़ में सबसे प्रमुख नाम सामने आ रहा है, एआईसीसी के प्रवक्ता और ठियोग से विधायक कुलदीप सिंह राठौर का। राठौर न केवल प्रदेश कांग्रेस के अनुभवी और संतुलित चेहरे हैं, बल्कि ऐसे नेता भी हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पार्टी संगठन को एकजुट रखने की मिसाल पेश की थी। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में राठौर ने अपने कार्यकाल में संगठन को स्थायित्व दिया और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने का काम किया। जब-जब संगठन के भीतर मतभेद उभरे, उन्होंने संयम से स्थितियों को संभाला, यही कारण है कि उन्हें पार्टी में "संतुलन साधने वाला नेता" माना जाता है।

मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ तालमेल, मतभेद नहीं, संवाद की राजनीति जब राठौर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे, तब सुखविंदर सिंह सुक्खू संगठन के महत्वपूर्ण रणनीतिक चेहरों में से एक माने जाते थे। दोनों के बीच कई मौकों पर विचारों में भिन्नता जरूर रही, लेकिन व्यक्तिगत रिश्तों में कटुता नहीं आई। राठौर की यही विशेषता रही कि उन्होंने राजनीतिक असहमति को कभी व्यक्तिगत मतभेद में नहीं बदला। आज जब सुक्खू मुख्यमंत्री हैं, हाईकमान को यह भरोसा है कि राठौर अपने अनुभव और संतुलित स्वभाव से सरकार और संगठन के बीच पुल का हाईकमान के लिए यह जोड़ी, एक अनुभवी मुख्यमंत्री और एक शांत स्वभाव के संगठनकर्ता कांग्रेस के भीतर स्थिरता की कुंजी साबित हो सकती है। उन्होंने संगठन के भीतर और बाहर दोनों जगह संवाद बनाए रखा। उनकी सधी हुई राजनीतिक समझ, संतुलित बयानबाज़ी और हर धड़े को साथ लेकर चलने की क्षमता उन्हें बाकी दावेदारों से अलग बनाती है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का नाम भी संभावित अध्यक्ष के रूप में उभर रहा है, पर राठौर का अनुभव, संगठनात्मक पकड़ और सुक्खू सरकार के साथ सामंजस्य बिठाने की क्षमता उन्हें बढ़त देती दिख रही है। कांग्रेस के मौजूदा दौर में पार्टी को ऐसी ही शख्सियत की जरूरत है जो सरकार और संगठन दोनों के बीच तालमेल बनाकर स्थिरता दे सके।

# सीपीआईएम हिमाचल प्रदेश ने 26 नवंबर और 19 जनवरी के मजदूर-किसान प्रदर्शनों को समर्थन दिया

समर न्यूज़/ शिमला



सीपीआई (एम) हिमाचल प्रदेश के नेता और कार्यकर्ता 26 नवंबर व 19 जनवरी को होने वाले मजदूर-किसान प्रदर्शनों के समर्थन में एकजुट होते हुए।

सीपीआईएम हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी ने 26 नवंबर 2025 और 19 जनवरी 2026 को होने वाले मजदूर-किसान संगठनों के देशव्यापी प्रदर्शनों को सफल बनाने के लिए शिमला के कालीबाड़ी हॉल में राज्य स्तरीय अधिवेशन आयोजित किया। इस अधिवेशन में लगभग दो सौ पार्टी नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

राज्य सचिव संजय चौहान ने अधिवेशन की अध्यक्षता की, जबकि डॉ. ओंकार शाद ने प्रस्ताव रखा कि पार्टी केंद्र सरकार की नवउदारवादी नीतियों के विरुद्ध संघर्ष को तेज करते हुए मजदूरों-किसानों के आंदोलनों को पूर्ण समर्थन दे।सम्मेलन को राकेश सिंघा, प्रेम गौतम, विजेंद्र मेहरा, कुशाल भारद्वाज, डॉ. कुलदीप सिंह तंवर, भूपेंद्र सिंह, गीता राम, राजेंद्र ठाकुर, मोहित वर्मा, जोगिंद्र कुमार, अशोक कटोच और नरेंद्र विरुद्ध ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी-नेतृत्व वाली सरकार की कॉर्पोरेट-परस्त और सांप्रदायिक नीतियों ने अमीर-गरीब की खाई को और चौड़ा कर दिया है। सरकार पूरी तरह पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है। वर्ष 2020 के काले कृषि कानूनों और मजदूर विरोधी चार लेबर कोड से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार मजदूरों-किसानों के अधिकारों को कुचलकर बड़े उद्योगपतियों का मुनाफा बढ़ाना चाहती है।नेताओं ने कहा कि इन नीतियों के कारण किसानों की आत्महत्याएँ बढ़ी हैं, मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा समाप्त हुई है और ठेका व अस्थायी रोजगार के रूप में व्यापक शोषण हो रहा है। मजदूरों को मात्र 4,000 से 12,000 मासिक वेतन मिल रहा है, जबकि महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है।

प्रदेश में किसानों की बेदखली, मुआवजा, और एमएसपी जैसे मुद्दे अब तक अनसुलझे हैं। वक्ताओं ने कहा कि देश की आधी आबादी मात्र 3% संपत्ति की मालिक है, जबकि शीर्ष पाँच पूंजीपतियों के पास देश की 20% संपत्ति केंद्रित है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी अमीर-परस्त नीतियों से जनता का ध्यान हटाने के लिए सांप्रदायिकता को हवा दे रही है, जिससे देश की एकता और अखंडता पर संकट मंडरा रहा है।

## कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर सोशल मीडिया की चर्चाओं से बचें : सुक्खू

समर न्यूज़ | शिमला



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने दिल्ली दौरे से हिमाचल लौट आए हैं। दिल्ली से वापसी के बाद मुख्यमंत्री ने शिमला में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं से बचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष का नाम पार्टी हाईकमान तय करेगा और जब इस संबंध में निर्णय हो जाएगा तो इसकी आधिकारिक जानकारी मीडिया को दे दी जाएगी।


दीपावली
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ
Bhupinder Bhinda
Jila Pardhan
Shiromani Akali Dal, Ludhiana
Kamal Chatley
Core Committee Member
Shiromani Akali Dal
Hitesh Inder Grewal
Working Committee Member
Shiromani Akali Dal
Rakhwinder Singh Gabria
Councellor Ward No. 48
Shiromani Akali Dal
Kinda Ludhiana
Core Committee Member
Youth Akali Dal
शिरोमणि अकाली दल, लुधियाना शहरी


ROSY
JEWELLERS
MANIMAJRA
आपको और आपके परिवार को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
1856/7, Main Bazar, Manimajra, Chandigarh
0172 5084210, 9779111031, 9779084631
rosyjewellers@rediffmail.com
rosyjewellersmanimajra



Happy
Diwali
2025






दीपावली
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ
President HELP Organisation NGO
Gaganpreet Singh Advocate


VISION GROUP
HAPPY
Diwali
FESTIVAL OF LIGHTS
STUDY VISA EXPERT
HANISH UPPAL
BRANCHES: LUDHIANA - PATIALA - CHANDIGARH - KURUKSHETRA - BRAMPTON (CANADA)
81460-61000


MHK
HEALTH CARE
MHK
12 years Experience
Dr Amanpreet Singh
Ayurvedic Physician
ROG SAFA
CURELIV
DAILY DIET Joint
DAILY DIET Cal DS
कब्ज, पेट दर्द, बवासीर, जोड़ो का दर्द, शूगर, मर्दों में होने वाली कमजोरी,
PCOD,दिल के रोग, कोलेस्ट्रॉल और मोटापा संबंधित किसी भी समस्या
के लिए मिले या संपर्क करें
Branches : Ludhiana & Mohali
www.mhkcare.com
80543-43909
82829-36000



Happy
Diwali
May this Festival of Lights bring you unlimited
opportunities and a joyful journey towards your goals.
Warm wishes from
easyvisa
tourist visa | study visa
www.easyvisaconsultants.com


श्री प्रेम धाम
की तरफ से
दीपावली की
हार्दिक शुभकमनाएं।
स्थान :
श्री प्रेम धाम
काकोवाल रोड
लुधियाना
/shreepremdham/buntybabaji
8100300047,9914719786
Bunty Baba Ji


ਰੌਸ਼ਨੀਆਂ ਦੇ ਪਵਿੱਤਰ ਤਿਉਹਾਰ
ਦੀਵਾਲੀ ਅਤੇ ਬੰਦੀ ਛੋੜ ਦਿਵਸ
ਦੀਆਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਅਤੇ ਤੁਹਾਡੇ ਸਾਰੇ ਪਰਿਵਾਰ ਨੂੰ
ਲੱਖ-ਲੱਖ ਵਧਾਈਆਂ।
ਮੈਂ ਅਰਦਾਸ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪਰਮਾਤਮਾ ਤੁਹਾਨੂੰ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਖੁਸ਼ੀਆਂ ਨਾਲ ਨਿਵਾਜੇ ਅਤੇ ਹਮੇਸ਼ਾਂ ਚੜ੍ਹਦੀਕਲਾ 'ਚ ਰੱਖੇ।
ਕੁਲਜੀਤ ਸਿੰਘ ਬੇਦੀ
ਡਿਪਟੀ ਮੇਅਰ ਮੋਹਾਲੀ
Kuljit Singh Bedi
@kuljitsbedi
@kbedi15
@KuljitSinghBedi


ਦੇਸ਼ ਵਿਦੇਸ਼ ਵਿੱਚ
ਵਸਦੇ ਸਮੂਹ ਪੰਜਾਬੀਆਂ ਨੂੰ ਮੈਂ
ਦੀਵਾਲੀ ਅਤੇ ਬੰਦੀ ਛੋੜ ਦਿਵਸ
ਦੀ ਲੱਖ-ਲੱਖ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦਿਆਂ ਤੁਹਾਡੇ ਚੰਗੇਰੇ ਭਵਿੱਖ ਦੀ ਕਾਮਨਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।
ਵੱਲੋਂ
ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਪੁਰਖਾਲਵੀ
ਸਪੋਕਸਮੈਨ
ਸ਼੍ਰੋਮਣੀ ਅਕਾਲੀ ਦਲ।


ਦੇਸ਼ ਵਿਦੇਸ਼ ਵਿੱਚ
ਵਸਦੇ ਸਮੂਹ ਪੰਜਾਬੀਆਂ ਨੂੰ ਮੈਂ
ਦੀਵਾਲੀ ਅਤੇ ਬੰਦੀ ਛੋੜ ਦਿਵਸ
ਦੀ ਲੱਖ-ਲੱਖ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦਿਆਂ ਤੁਹਾਡੇ ਚੰਗੇਰੇ ਭਵਿੱਖ ਦੀ ਕਾਮਨਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।
ਵੱਲੋਂ: ਪਰਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਸੋਹਾਣਾ,
ਜਿਲਾ ਪ੍ਰਧਾਨ ਸ਼੍ਰੋਮਣੀ ਅਕਾਲੀ ਦਲ,
ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਮੁਹਾਲੀ


Senior Correspondent
HARJEET MATHARU
Mob No. - 9988885112
Pradeep Singh Happy
District Bureau Head, Mohali
Mob No. - 9914617979


ਆਪ ਜੀ ਨੂੰ ਅਤੇ ਆਪ ਜੀ ਦੇ ਪਰਿਵਾਰ ਨੂੰ
ਦੀਵਾਲੀ ਅਤੇ ਬੰਦੀ ਛੋੜ ਦਿਵਸ
ਦੀਆਂ ਲੱਖ ਲੱਖ ਵਧਾਈਆਂ।
ਵੱਲੋਂ ਨਰਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਰੰਗੀ
ਐਡਵੋਕੇਟ, ਕੌਂਸਲਰ ਅਤੇ ਸਮਾਜ ਸੇਵੀ ਹਲਕਾ ਮੁਹਾਲੀ


ਸਮੂਹ ਦੇਸ਼ ਵਾਸੀਆਂ ਨੂੰ
ਦੀਵਾਲੀ ਅਤੇ ਬੰਦੀ ਛੋੜ ਦਿਵਸ
ਦੀਆਂ ਲੱਖ ਲੱਖ ਮੁਬਾਰਕਾਂ
ਵੱਲੋਂ : ਐਡਵੋਕੇਟ ਮਨਪ੍ਰੀਤ ਸਿੰਘ ਚਾਹਲ
ਸਾਬਕਾ ਪ੍ਰਧਾਨ ਜ਼ਿਲਾ ਬਾਰ ਐਸੋਸੀਏਸ਼ਨ ਮੁਹਾਲੀ


Shubh Diwali
On this Diwali wishing that you make the most of all opportunities that comes your way.
KING EXPORTS
Fully Committed to Satisfy Customer Needs Through Continual Improvement in Effectiveness
Mfrs. Of : Three Point Linkage Parts & Accessories
Mr. Sushil Goel
Chairman Cum Managing Director
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY
KING EXPORTS
MANUFACTURER AND EXPORTER
Corporate Office: C-141, Phase V, Focal Point, Ludhiana-10 (Pb)
Tel: 0161-5014665, 2673959 Fax: 0161-5053997, 2673386 M: 98140-34161
E-mail:info@kingexports.in, www.kingexports.in


HOMELAND
WISHES YOU A
HAPPY DIWALI
1000+
HAPPY CUSTOMERS
11+
YEARS OF LEGACY
8.5M SQ. FT.
UNDER DEVELOPMENT
MOST ICONIC
PROJECTS DELIVERED
EXPERIENCE EXCELLENCE. SCAN THE CODE
Corporate Address:
CP67 Mall, Gate No 3, Boutique Hotel/Zone 2, 5th Floor, Sector 67, Mohali (Punjab).
099889 76767

किसी से ना कहना

## यह कहानी पुलिस की वर्दी पर लगा एक तंज है

कभी कानून की रखवाली करने वाली एक इंस्पेक्टर - जिसके पास सरकारी तनख़्वाह थी, सरकारी कोठी थी, सरकारी गाड़ी, गनमैन, ड्राइवर सब था। फिर भी पता नहीं कैसी भूख थी जो पाँच लाख की रिश्वत के आगे सब कुछ छोटा लग गया। लगता है, रुतबा पेट भर देता है पर लालच कभी नहीं भरता।
नौ महीने तक पुलिस और अदालत के बीच ये "लुका-छिपी" का खेल चलता रहा। कभी कोई अफसर कहता "अब पकड़ लेंगे", कभी फाइलों में नोटिंग लग जाती, पर ठानेदारनी तो जैसे हवा में घुल गई थी। कानून की रक्षक खुद कानून से लुका-छिपी खेल रही थी - क्या नज़ारा था!
लेकिन वक्त की अपनी अदालत होती है। जब ज़मानत नहीं मिली, जब हर दाँव उल्टा पड़ा, तो वही ठानेदारनी जिसने सिस्टम को ठेंगा दिखाया था, थक-हारकर जज साहब के सामने जा खड़ी हुई - "हाज़िर हूँ, जनाब।"
अब सवाल उठता है - क्या यह आत्मसमर्पण डर की वजह से था या कोई नई चाल? क्योंकि हमारे सिस्टम में जब तक पानी सिर से ऊपर नहीं जाता, तब तक कानून याद नहीं आता।
कोई कहता है ये ईमानदारी की हार है, कोई कहता है सिस्टम का आईना। मगर सच्चाई ये है कि जब कानून के रखवाले ही कानून से भागने लगें, तो समाज को अपने आप पर नज़र डालनी चाहिए।
किसी से ना कहना पर यह कहानी सिर्फ़ एक इंस्पेक्टर की नहीं, हमारे ज़माने के गिरते चरित्र की गवाही है।

# डायबिटीज के मरीजों के लिए बेस्ट ड्राय फ्रूट्स

## जो हैं पोषण से भरपूर, पर ब्लड शुगर लेवल को रखते हैं कंट्रोल



ड्राय फ्रूट्स असल में फलों का ही एक रूप हैं - बस फर्क इतना है कि इन्हें सुखाकर इनमें से पानी पूरी तरह निकाल दिया जाता है। इससे इनकी शेल्फ लाइफ बढ़ जाती है और ये लंबे समय तक खराब नहीं होते। सुखाने की इस प्रक्रिया के बाद ड्राय फ्रूट्स में मौजूद पोषक तत्व और भी ज्यादा केंद्रित हो जाते हैं।

**ड्राय फ्रूट्स से जुड़ी कुछ अहम बातें**

1. ड्राय फ्रूट्स में ओरिजिनल फल जितने ही न्यूट्रिएंट्स होते हैं। सुखाने से इनके पोषण में कमी नहीं आती।
2. इनमें सामान्य फलों की तुलना में करीब साढ़े तीन गुना ज्यादा फाइबर होता है।
3. हालांकि सुखाने की प्रक्रिया में विटामिन C लगभग खत्म हो जाता है, इसलिए ड्राय फ्रूट्स में यह विटामिन नहीं पाया जाता।
4. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के मुताबिक, ड्राय फ्रूट्स फाइबर और पॉलीफेनोल जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स के बेहतरीन स्रोत हैं।
5. पॉलीफेनोल शरीर में ब्लड फ्लो सुधारता है, पाचन को बेहतर बनाता है, ऑक्सीडेटिव डैमेज को कम करता है और इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है।
6. नेशनल हेल्थ एंड न्यूट्रिशन सर्वे (यूएस) में पाया गया कि रोजाना ड्राय फ्रूट खाने वालों में विटामिन्स और मिनरल्स की कमी कम होती है, और उनके गट माइक्रोबायोम्स भी ज्यादा स्वस्थ पाए गए।
7. लगभग सभी ड्राय फ्रूट्स प्रोटीन, पोटैशियम, कैल्शियम और हेल्दी ऑयल्स के समृद्ध स्रोत हैं।
8. हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की एक स्टडी बताती है कि कब्ज या इरिटेबल बाउल सिंड्रोम से परेशान लोगों के लिए ड्राय फ्रूट्स बहुत फायदेमंद हैं, क्योंकि इनमें भरपूर फाइबर होता है।
9. अखरोट जैसे ड्राय फ्रूट्स ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं, जो खून में ट्राइग्लिसराइड्स को कम करने में मदद करता है।
10. नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में 2017 में प्रकाशित रिसर्च बताती है कि ड्राय फ्रूट्स में मौजूद मैक्रो और माइक्रो न्यूट्रिएंट्स इंसुलिन रेजिस्टेंस और टाइप-2 डायबिटीज जैसी मेटाबॉलिक समस्याओं में उपयोगी हैं।



**डायबिटीज में किन ड्राय फ्रूट्स का करें सेवन**

हर व्यक्ति के लिए ड्राय फ्रूट्स फायदेमंद हैं, लेकिन डायबिटीज के मरीजों के लिए इनका चुनाव सोच-समझकर करना जरूरी है।
जिन ड्राय फ्रूट्स में शुगर अधिक होती है, जैसे किशमिश, मुनक्का, सूखी स्ट्रॉबेरी, आम, अनानास या चेरी, उनसे बचना चाहिए।
आपके लिए बेहतर विकल्प वे ड्राय फ्रूट्स हैं जिनमें कार्ब और शुगर कम, पर फाइबर और हेल्दी फैट ज्यादा हों।

**डायबिटीज रोगियों के लिए बेस्ट ड्राय फ्रूट्स प्रमुख लाभ**

**बादाम** : फाइबर, विटामिन E और हेल्दी फैट से भरपूर; ब्लड शुगर लेवल स्थिर रखता है।
**अखरोट** : ओमेगा-3 फैटी एसिड का अच्छा स्रोत; दिल और दिमाग दोनों के लिए फायदेमंद।
**काजू** : प्रोटीन, जिंक और मैग्नीशियम से भरपूर; ऊर्जा और हड्डियों के लिए उपयोगी।
**पिस्ता** : फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स से युक्त; कोलेस्ट्रॉल और शुगर कंट्रोल में सहायक।
**मूंगफली** : प्रोटीन और हेल्दी फैट से भरपूर; भूख कम करती है और वजन नियंत्रण में मदद करती है।
**पीकन** : विटामिन B और पोटैशियम का अच्छा स्रोत; ब्लड शुगर बैलेंस में रखता है।

**ध्यान रखें**

ड्राय फ्रूट्स कम मात्रा में और बिना नमक या चीनी के खाएं।
रोजाना 25-30 ग्राम तक की मात्रा पर्याप्त है।
बेहतर परिणाम के लिए इन्हें सुबह या मिड-मील स्नैक के रूप में लें।

# दो फल, तीन सब्जियों का फॉर्मूला देगा लंबी उम्र

## हार्ट अटैक और कैंसर का खतरा करेगा कम, 20 साल की रिसर्च में मिला नतीजा



हम बचपन से सुनते आए हैं - हरी सब्जियां और ताजे फल खाओ, तो रहोगे तंदरुस्त। अब इस पर विज्ञान और योग परंपरा दोनों की मुहर लग चुकी है। सद्गुरु भी कहते हैं कि फल न केवल शरीर बल्कि पर्यावरण के लिए भी वरदान हैं।
ज्यादातर लोग अपनी थाली में सब्जियां तो रखते हैं, पर फल नहीं। लेकिन फिट, ऊर्जावान और स्वस्थ रहने के लिए रोजाना फल और सब्जियों का संतुलन बेहद जरूरी है।

**सद्गुरु की सलाहः फल हैं सबसे आसान और असरदार आहार**

सद्गुरु के अनुसार, फल ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिन्हें शरीर सबसे आसानी से पचाता है। इन्हें पकाने की जरूरत नहीं होती, बस धोकर खाइए और पोषण पाइए। फल खाने से न केवल शरीर अधिक जीवंत महसूस करता है, बल्कि दिमागी सेहत भी बेहतर होती है। ये इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और दिल को दुरुस्त रखते हैं।

**पाचन तंत्र रहता है मजबूत**

फलों में प्राकृतिक फाइबर और एंजाइम्स भरपूर होते हैं। फाइबर पाचन को दुरुस्त रखता है और एंजाइम्स प्रोटीन को ऊर्जा में बदलते हैं। नियमित रूप से फल खाने से पेट संबंधी समस्याएं दूर रहती हैं और शरीर हल्का महसूस करता है।

**इम्यूनिटी बनती है मजबूत**

हर मौसम के फल आपके शरीर को उसी मौसम के अनुसार मजबूत बनाते हैं। संतरा, नींबू, मौसमी और अंगूर जैसे खट्टे फल शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। ये व्हाइट ब्लड सेल्स को बढ़ाकर संक्रमण से बचाव करते हैं।

**वजन रहता है कंट्रोल में**

फलों में कैलोरी कम और पानी व फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है। इनमें लगभग फैट नहीं के बराबर होता है। इसलिए यदि डेली डाइट में फल शामिल किए जाएं तो वजन आसानी से नियंत्रित रहता है।

**ब्लड शुगर रहता है संतुलित**

फलों में मौजूद नेचुरल शुगर शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाती। फाइबर और पोषक तत्वों की मौजूदगी के कारण शुगर धीरे-धीरे खून में घुलती है, जिससे ब्लड शुगर लेवल अचानक नहीं बढ़ता।

**दिल की सेहत में सुधार**

फलों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर के सेल्स को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाते हैं। इससे त्वचा चमकदार रहती है और हार्ट अटैक, स्ट्रोक जैसी बीमारियों का खतरा घटता है।



"दो फल, तीन सब्जियां" - लंबी जिंदगी का आसान फॉर्मूला
वैज्ञानिकों के मुताबिक, रोजाना दो फल और तीन सब्जियां खाने से उम्र लंबी हो सकती है।
तीन सब्जियों में पत्तेदार, पीली और नारंगी रंग की सब्जियां जैसे पालक, गोभी, शिमला मिर्च शामिल होनी चाहिए।
दो फलों में बीटा-कैरोटीन से भरपूर विकल्प जैसे गाजर, शकरकंद या ब्रोकोली लिए जा सकते हैं।
इम्यूनिटी के लिए बेरीज और खट्टे फल भी शामिल करें।
जबकि मटर, आलू और भुट्टा जैसी स्टार्च वाली सब्जियों को सीमित मात्रा में खाएं।
फल और सब्जियां खाना इतना मुश्किल भी नहीं
फल और सब्जियां आमतौर पर सस्ती और हर जगह उपलब्ध होती हैं। बस थोड़ी जागरूकता की जरूरत है:
मौसमी फल-सब्जियां ही खाएं, ताकि अधिक पोषक तत्व मिल सकें।
बेमौसम या फ्रिज में रखे फल पोषण घटा देते हैं, इसलिए इन्हें कम खाएं।
पैकेटबंद या प्रिज़र्व्ड फल न खरीदें, क्योंकि इनमें अतिरिक्त चीनी मिलाई जाती है जो सेहत के लिए हानिकारक है।

**फल-सब्जियों की आदत कैसे बनाएं**

1. स्नैक्स टाइम को फ्रूट टाइम बनाएं – जब शाम को कुछ चटपटा खाने का मन हो, तब फल या फ्रूट चाट लें।
2. रंग-बिरंगा सलाद बनाएं – अलग-अलग रंग के फल और सब्जियों का सलाद हर दिन नया स्वाद और पोषण देगा।
3. घर में वही खरीदें जो सेहतमंद हो – जंक फूड या प्रोसेस्ड आइटम्स को खरीदना ही बंद कर दें।



अगर रोज की थाली में "दो फल और तीन सब्जियां" शामिल कर ली जाएं, तो न केवल बीमारियां दूर रहेंगी बल्कि जिंदगी भी लंबी, सक्रिय और ऊर्जावान बनेगी।

# सात्विक-चिराग की शानदार जीत, डेनमार्क ओपन के सेमीफाइनल में एंट्री

स्पोर्ट्स डेस्क / डेनमार्क
समर न्यूज़

आज जापानी जोड़ी से होगी भिड़ंत; लक्ष्य सेन का अभियान क्वार्टर फाइनल में थमा



भारतीय बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शुक्रवार (17 अक्टूबर 2025) को शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क ओपन 2025 के पुरुष डबल्स सेमीफाइनल में जगह बना ली। ओडेंसे स्थित जायस्क बैंक एरेना में खेले गए क्वार्टर फाइनल में उन्होंने इंडोनेशिया की जोड़ी मुहम्मद रियान अर्दियांतो और रहमत हिदायत को कड़े मुकाबले में 21-15, 18-21, 21-16 से मात दी। 65 मिनट तक चले इस रोमांचक मैच में भारतीय जोड़ी ने पहला गेम 17-16 की मामूली बढ़त से चार लगातार अंक लेकर 21-15 से अपने नाम किया। दूसरा गेम कड़ा रहा, जहां इंडोनेशियाई जोड़ी ने शुरुआती बढ़त गंवाने के बाद वापसी की और 21-18 से गेम जीत लिया। निर्णायक गेम में सात्विक-चिराग ने शुरुआत में ही लय पकड़ी और लगातार आक्रामक खेल दिखाते हुए जीत सुनिश्चित की।

**सेमीफाइनल में जापानी चुनौती का सामना**

शनिवार (18 अक्टूबर) को सेमीफाइनल मुकाबले में सात्विक-चिराग का सामना जापान की विश्व नंबर 10 जोड़ी ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से होगा। भारतीय जोड़ी का इन जापानी खिलाड़ियों के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 4-1 से बेहतर है, जो उन्हें मनोवैज्ञानिक बढ़त देता है। हाल ही में हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स में उपविजेता रहे सात्विक-चिराग इस BWF सुपर 750 टूर्नामेंट में खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगे। भारत के एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन का अभियान क्वार्टर फाइनल में थम गया। शुक्रवार को विश्व नंबर 7 फ्रांस के एलेक्स लानिएर ने उन्हें केवल 44 मिनट में 21-9, 21-14 से पराजित कर दिया। पिछला मैच जीतकर विश्व नंबर 2 डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराने वाले लक्ष्य इस बार शुरुआती बढ़त नहीं बना सके। दोनों गेमों में मध्यांतर तक वे क्रमशः 11-5 और 11-4 से पीछे रहे।

**मिक्स्ड डबल्स में भी निराशाजनक प्रदर्शन**

मिक्स्ड डबल्स वर्ग में भारत की जोड़ी मोहित जागलान और लक्षिता जागलान को भी हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशिया के अदनान मौलाना और इंदाह काह्या सारी जमील ने उन्हें सीधे सेटों में 21-14, 21-11 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

# ज्योति सुरेखा वेन्नम ने रचा इतिहास, वर्ल्ड कप फाइनल में जीता ब्रॉन्ज

» पहली भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाज बनीं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की; एला को 150-145 से दी मात

स्पोर्ट्स डेस्क / नई दिल्ली
समर न्यूज़




भारतीय कंपाउंड तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शनिवार को वर्ल्ड कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही वे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कंपाउंड आर्चर बन गई हैं। चीन के नानजिंग में खेले गए इस फाइनल में ज्योति ने ब्रिटेन की विश्व नंबर-2 तीरंदाज एला गिब्सन को 150-145 से हराया।

**वर्ल्ड कप फाइनल में ज्योति का पहला पदक**

ज्योति ने गिब्सन के खिलाफ पांचों राउंड में शानदार निशानेबाजी दिखाई और लगातार 15 परफेक्ट 10 स्कोर करते हुए 150 अंकों के साथ मुकाबला अपने नाम किया। यह उनके करियर का पहला वर्ल्ड कप फाइनल मेडल है। इससे पहले वह 2022 (त्लाक्सकाला) और 2023 (हरमोसिलो) में भी इस टूर्नामेंट में खेल चुकी थीं, लेकिन दोनों बार शुरुआती दौर में बाहर हो गई थीं। 29 वर्षीय ज्योति, जो एशियन गेम्स चैंपियन भी हैं, ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की एलेक्सिस रुइज को 143-140 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

**सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 के खिलाफ कड़ी टक्कर**

सेमीफाइनल मुकाबले में उनका सामना विश्व नंबर-1 एंड्रिया बेसेरा (मेक्सिको) से हुआ। एक रोमांचक मुकाबले में ज्योति को 143-145 से मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। मैच के तीसरे राउंड तक ज्योति 87-86 से आगे थीं, लेकिन चौथे राउंड में बेसेरा ने तीन परफेक्ट 10 स्कोर कर पलटवार किया और अंततः 29-28 के स्कोर से जीत दर्ज की।

**मधुरा धमंगांवकर पहले दौर में बाहर**

भारत की एक अन्य कंपाउंड तीरंदाज मधुरा धमंगांवकर टूर्नामेंट के पहले ही राउंड में बाहर हो गईं। उन्हें मेक्सिको की मरियाना बर्नाल ने 145-142 से हराया। वहीं, पुरुष कंपाउंड वर्ग में भारत के रिषभ यादव एकमात्र प्रतिनिधि हैं, जो आज दक्षिण कोरिया के किम जोंघो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

# पाकिस्तानी हवाई हमले में 3 अफगान क्लब क्रिकेटरों की मौत

» हमले में 14 नागरिक भी मारे गए; अफगानिस्तान ने पाकिस्तान में होने वाली टी-20 सीरीज से नाम वापस लिया

स्पोर्ट्स डेस्क / काबुल
समर न्यूज़

अफगानिस्तान के तीन क्लब क्रिकेटरों की मौत पाकिस्तान के हवाई हमले में हो गई है। इस घटना की पुष्टि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने की है। हमले में कुल 14 नागरिकों की मौत हुई है, जबकि 16 लोग घायल बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच 48 घंटे का सीजफायर शुक्रवार शाम 6 बजे समाप्त हुआ था। दोनों देशों ने इसे आगे बढ़ाने पर सहमति जताई थी, लेकिन कुछ ही घंटे बाद पाकिस्तान ने पक्तिका प्रांत में हवाई हमले किए।

**डूरंड लाइन के पास हुई बमबारी**

अफगान मीडिया के मुताबिक, हमले उर्गुन और बर्मल जिलों में हुए, जहां कई घरों को निशाना बनाया गया। यह इलाका डूरंड लाइन (पाक-अफगान सीमा) के नजदीक है।

**हमले में मारे गए खिलाड़ियों के सम्मान में एसीबी का बड़ा फैसला** : इस घटना के विरोध में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नवंबर में पाकिस्तान में होने वाली ट्राई टी-20 सीरीज से हटने की घोषणा की है। एसीबी ने बयान जारी कर कहा कि यह निर्णय "हमारे उन खिलाड़ियों के सम्मान में लिया गया है, जिन्होंने क्रिकेट मैदान से लौटते वक्त अपनी जान गंवाई।" टूर्नामेंट में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका की टीमें भाग लेने वाली थीं।

**मैच से लौटते समय हुआ हमला**

एसीबी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व में ट्विटर) पर जानकारी दी कि यह हमला पक्तिका प्रांत की राजधानी शराना में उस समय हुआ जब स्थानीय क्रिकेटर कबीर, सिब्घतुल्लाह और हारून एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेलकर घर लौट रहे थे।
बोर्ड ने यह भी बताया कि हमले के दिन कबीर अपने गांव के टूर्नामेंट में 'मैन ऑफ द मैच' बने थे। उनकी ट्रॉफी के साथ एक तस्वीर अब सोशल मीडिया पर वायरल है।




**अफगानिस्तान ने टी-20 सीरीज से नाम वापस लिया** : एसीबी ने पुष्टि की कि टीम अब पाकिस्तान में नवंबर में होने वाली टी-20 ट्राई सीरीज में भाग नहीं लेगी। अफगानिस्तान को पाकिस्तान के खिलाफ 17 और 23 नवंबर को मैच खेलने थे। यह पहला मौका होता जब अफगान टीम पाकिस्तान की जमीन पर उसके खिलाफ उतरती। हालांकि, इससे पहले अफगानिस्तान ने 2023 एशिया कप और चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के मैच पाकिस्तान में खेले थे, लेकिन तब उसकी सीधी भिड़ंत मेजबान टीम से नहीं हुई थी। **क्रिकेटर्स ने हमले की निंदा की** अफगानिस्तान टीम के कप्तान राशिद खान ने इस हमले को "निर्दोषों पर अत्याचार" बताया। उन्होंने लिखा "अफगानिस्तान पर हुए हालिया पाकिस्तानी हवाई हमलों में आम नागरिकों और युवा क्रिकेटरों की मौत से मैं बेहद दुखी हूं। यह एक त्रासदी है - उन बच्चों और खिलाड़ियों के लिए जो अपने देश के लिए खेलने का सपना देखते थे।" वहीं, अनुभवी खिलाड़ी गुलबदीन नायब ने कहा "यह हमला हमारे निर्दोष नागरिकों और साथियों पर नहीं, बल्कि हमारे गौरव और स्वतंत्रता पर है। पाकिस्तान की यह कार्रवाई अफगानिस्तान के हौसले को कभी नहीं झुका सकेगी।"

# लुधियाना अब सिर्फ औद्योगिक शहर नहीं, बल्कि जीवनशैली का केंद्र

लुधियाना, जिसे "भारत का मैनचेस्टर" कहा जाता है, अपने होजरी उद्योग के लिए देशभर में मशहूर है। सतलुज नदी के किनारे बसा यह शहर अब केवल औद्योगिक केंद्र नहीं रहा, बल्कि अपने तेजी से बदलते जीवनशैली और आधुनिक शहरी सोच के लिए भी जाना जाने लगा है। लुधियाना की अर्थव्यवस्था में तेजी आई, नौकरी और नए अवसर बढ़े, और लोगों की प्राथमिकताएँ बदल गईं। शहर में लोग अब ऐसे घर पसंद करते हैं, जो सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक जीवनशैली से लैस हों, और जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन और खरीदारी जैसी सभी जरूरतें पास ही उपलब्ध हों।

इसी बदलाव के केंद्र में है ओमैक्स ग्रुप, जिसने 2005 से लुधियाना में अपनी उपस्थिति दर्ज की। ओमैक्स ने शहर के रियल एस्टेट और जीवनशैली को एक नया आयाम दिया। इसके प्रोजेक्ट्स न केवल आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण हैं, बल्कि हर उम्र और वर्ग के लोगों की जरूरतों और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हैं। ओमैक्स की टाउनशिप और प्रोजेक्ट्स में सुरक्षा, हरियाली, खेल, मनोरंजन और सामुदायिक जुड़ाव पर विशेष ध्यान दिया गया है।

South City में हाल ही में आयोजित Banger Arena इवेंट इसका शानदार उदाहरण है, जिसमें मशहूर सिंगर Talwiinder ने परफॉर्म किया और 12,000+ लोगों ने इसका आनंद लिया। इसी तरह, Dandiya Night में 7,000, Holi Celebration में 5,000 और Janmashtami में 2,000 लोग शामिल हुए। ये आयोजन सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं थे, बल्कि शहर के लोगों को जोड़ने और समुदाय की भावना मजबूत करने का काम भी करते हैं।



ओमैक्स के आवासीय प्रोजेक्ट्स, जैसे The Palace, Royal Signature, Royal Meridian और Celestia Grand Premier, लक्ज़री, आराम और आधुनिक सुविधाओं का मेल पेश करते हैं। Mivan Technology, डबल-हाइट लॉबी, खुला व्यू और प्रीमियम क्लब हाउस जैसी सुविधाएँ सुनिश्चित करती हैं कि हर घर सिर्फ रहने की जगह न होकर एक जीवनशैली का अनुभव दे।

वाणिज्यिक क्षेत्र में भी ओमैक्स ने शहर को नया रूप दिया है। पखोवाल रोड पर विकसित कमर्शियल प्रोजेक्ट्स ने इसे लुधियाना का नया कमर्शियल हब बना दिया है। इन क्षेत्रों में 4-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स, ब्रांडेड स्टोर्स, फूड आउटलेट्स और रोजमर्रा की जरूरतों के साथ-साथ सामाजिक मेलजोल की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह न केवल व्यवसायों को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि शहर के निवासियों के लिए जीवनशैली और मनोरंजन का एक समृद्ध अनुभव भी प्रदान कर रहा है।

ओमैक्स ने हाल ही में लुधियाना में दो नए प्रोजेक्ट्स के लिए RERA आवेदन किया है। पहला प्रोजेक्ट घुमार मंडी फाउंटेन चौक पर 5 एकड़ की प्राइम लैंड पर विकसित किया जाएगा, जो शहर के प्रमुख क्षेत्र में आने वाला एक आधुनिक और कम्युनिटी-केंद्रित प्रोजेक्ट होगा। दूसरा प्रोजेक्ट साउथ सिटी रोड पर 70 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित होने वाली एक बड़े पैमाने की टाउनशिप है, जो आधुनिक सुविधाओं, हरियाली, खेल और सामाजिक गतिविधियों के साथ पूरे परिवार के लिए आदर्श जीवनशैली प्रदान करेगी।

ये दोनों प्रोजेक्ट्स सिर्फ घर बनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लुधियाना के शहरी जीवन को नई दिशा देने का प्रयास हैं। ओमैक्स की यह पहल शहर में सतत विकास, पारदर्शिता और गुणवत्ता निर्माण की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। आने वाले समय में ये प्रोजेक्ट्स न केवल आधुनिक और सुरक्षित आवासीय विकल्प देंगे, बल्कि शहर के सामाजिक और सांस्कृतिक माहौल को भी समृद्ध बनाएंगे। इसके साथ ही ये प्रोजेक्ट्स लुधियाना के लोगों के जीवन में सुविधा, मनोरंजन और सामुदायिक जुड़ाव जैसी अनुभवों को जोड़ने में मदद करेंगे।

ओमैक्स का योगदान केवल भौतिक संरचना तक सीमित नहीं है। इसके प्रोजेक्ट्स शहर में सुरक्षा, हरियाली, खेल, मनोरंजन और सामुदायिक जुड़ाव के अवसर प्रदान करते हैं। बच्चों, युवाओं, परिवार और बुजुर्ग सभी को इसका लाभ मिलता है। यही वजह है कि लुधियाना अब सिर्फ औद्योगिक शहर नहीं, बल्कि आधुनिक, सुरक्षित और सामाजिक रूप से समृद्ध शहर बन चुका है। ओमैक्स ने यह साबित किया है कि शहर का असली विकास केवल इमारतों से नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी में सुधार और खुशहाली लाने से होता है।















LICNO-1669

AUSTRALIA
STUDY VISA

Ease on Funding Requirement (LEVEL-2)
- Gap Acceptable upto 5 years for Masters
- Package options is also available
- Minimum 12th (55%) Requirement

UK
STUDY VISA

Master in 8.25 Lac
Bachelor in 10 lac
- Gap Acceptable upto 5 years
- No IELTS, PTE Required
- Spouse option is also available

No Application Fee (Jan Intake Only)

272-A, Ashmeet Singh Chowk
Near Krishna Nagar, Model Town Extension, Ludhiana

CALL :- +91-9000014963

*T&C Apply

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 44